● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 133, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 21 जून 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर





कार्यकर्ता पार्टी की ताकत: सीएम सैनी 5

स्टोइनिस बने टी-20में नम्बर-1 आलराउंडर 6

## जम्मू कश्मीर के लोग जल्द चुनेंगे अपनी सरकार: मोदी

### विश्व मंच पर एक बार फिर चमकेगा श्रीनगर : पीएम



**जम्मू।** पीएम मोदी ने गुरुवार को साफ कर दिया है कि जल्द ही जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्ज मिल सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जारी हैं। पीएम ने कहा कि सबको बांटने वाली दीवार अनुच्छेद 370 हटा दी गई है और प्रदेश में सभी को समान अवसर और अधिकार मिल रहे हैं। गुरुवार को श्रीनगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने ये बातें कहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम दो दिवसीय दौरे पर जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर पहुंचे। दौरे के पहले दिन श्रीनगर में उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाना और जम्मू कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम को संबोधित किया। शुक्रवार सुबह साढ़े छह बजे श्रीनगर के एसकेआईसीसी में योग दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह का नेतृत्व करेंगे। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने बड़ी कही है। उन्होंने कहा, वो दिन भी जल्द आएगा जब जम्मू कश्मीर राज्य के रूप में अपना भविष्य और उज्जवल बनाएगा। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां हो रही हैं। जल्द यहां के लोग अपनी सरकार चुनेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार गिर चुकी है। अब सही मायने में जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान लागू हुआ है और जिन्होंने इसे अब तक लागू नहीं हुआ है, वो इसके दोषी हैं। आज लाल चौके में शाम तक रौनक रहती हैं। अब डल झील के किनारे स्पोर्ट्स कारों का शो हुआ, जिसे पूरी दुनिया ने देखा। पीएम मोदी ने कहा उनकी सरकार ने सबको अधिकार और अवसर दिए हैं। महिलाओं को लाभ मिला। समाज के कमजोर तबकों की आवाज सुनी गई। पहली बार विधानसभा में एसटी समुदाय की सीटें आरक्षित की गई। पहाड़ी समुदाय, पाडरी, गड्डा ब्रहाम्ण को एसटी का आरक्षण मिला है। ओबीसी को उनके अधिकार मिले हैं। हमारी सरकार रिजल्ट लाकर दिखाती है। इस प्रदर्शन के आधार पर जनता ने तीसरी बार चुना है। साठ साल बाद इसी प्रदर्शन के चलते इसी भरोसे के चलते जनता ने हमारी सरकार को चुना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के साथ उनका अटूट रिश्ता है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने उनकी सरकार को तीसरी बार सेवा का अवसर दिया है। पीएम ने कहा कि तीन बार किसी सरकार का बनना बहुत बड़ा वैश्विक प्रभाव होता है। इससे देश को देखने का नजरिया बदलता है। इससे दूसरे देश अपने साथ भारत को प्राथमिकता देते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कल श्रीनगर में योग दिवस का मुख्य समारोह होगा, जिसे देश ही नहीं दुनिया भर में देखा जाएगा। विश्व मंच पर एक बार फिर श्रीनगर चमकेगा। इससे यहां के पर्यटन कारोबार को भी लाभ होगा। शब्दों के साथ धन्यवाद करते हुए पीएम मोदी ने अपना स्वागत किया।

## पीएम से सीएम ने केन-बेतवा परियोजना के भूमिपूजन के लिए किया अनुरोध



**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उनके निवास 7, लोक कल्याण मार्ग में सौजन्य भेंट कर तीसरे कार्यकाल की बधाई देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में गठित नई केंद्र सरकार पूर्व की भांति मध्यप्रदेश के विकास और उन्नति के लिए सहयोग देती रहेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री को प्रदेश में चल रही दो प्रमुख नदी-जोड़ो परियोजनाओं, केन-बेतवा परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना की वर्तमान जानकारी से अवगत कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केन-बेतवा परियोजना भूमिपूजन के लिए तैयार है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी से केन-बेतवा परियोजना के भूमिपूजन के लिए समय प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को प्रदेश में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जल-गंगा अभियान से प्रदेश के कुएं, बावड़ियां, नदियां, तालाब, पोखर, झील इत्यादि जल संरचनाओं पर ध्यान केंद्रित कर जनजागृति का वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश की जनता का इस अभियान के प्रति उत्साह देखकर इस अभियान की समय-सीमा को 30 जून तक बढ़ाया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को प्रदेश में चल रहे सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के नेतृत्व में डिंडोरी जिले में विश्व सिकल सेल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार रक्त विकार की इस गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है।

## दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्यस्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम आज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 के उपलक्ष्य पर राज्य स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम 21 जून को प्रात: 6 बजे भोपाल स्थित लाल परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ भी करेंगे। वर्षा होने की स्थिति में यह राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास स्थित सभागार में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन के पश्चात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण किया जायेगा एवं उसके पश्चात सामूहिक योग कार्यक्रम होगा। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव किसान कल्याण एवं कृषि विकास और प्रमुख सचिव आयुष सहित विभिन्न विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तथा श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ प्रदेश स्तर पर वृहद रूप में किया जायेगा। संपूर्ण प्रदेश में जिला, विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम का वृहद आयोजन होगा। इसमें समस्त शासकीय एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्रों के अलावा अन्य समस्त शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी प्रतिभागिता करेंगे। साथ ही शासकीय सेवकों, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक संगठन तथा आम नागरिकों की भी सामूहिक योग कार्यक्रम में सहभागिता होगी। योग एक शारीरिक एवं आत्मिक क्रिया है, जिसका किसी धर्म अथवा पंथ से कोई संबंध नहीं है। यह सामूहिक योग प्रदर्शन स्वैच्छिक होगा, किन्तु प्रदेश की समस्त शासकीय/अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा यह कार्यक्रम आवश्यक रूप से आयोजित किया जाएगा।

## भाजपा सांसद भ्रातृहरि महताब होंगे अगले प्रोटेम स्पीकर, राष्ट्रपति ने की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति कर दी है। ओडिशा से भाजपा के सांसद भ्रातृहरि महताब को लोकसभा सत्र के मद्देनजर इस पद पर नियुक्त किया गया है। बता दें कि महताब सात बार के सांसद हैं और अगले स्थायी स्पीकर की नियुक्ति तक वे सदन में स्पीकर की सभी जिम्मेदारियां निभाएंगे।

## पारदर्शिता से समझौता नहीं होने देंगे: धर्मेन्द्र



**नई दिल्ली।** नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रधान ने नीट परीक्षा के साथ-साथ यूजीसी नेट परीक्षा के रद्द होने और विपक्ष की ओर से मामले में आरोपों पर भी जवाब दिए।

उन्होंने कहा, मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार छात्रों के हितों को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पारदर्शिता के साथ हम कोई समझौता नहीं करेंगे। विद्यार्थियों का हित हमारी प्राथमिकता है। किसी भी कीमत पर उसके साथ समझौता नहीं होगा। नीट परीक्षा के संबंध में हम बिहार सरकार से लगातार संपर्क में हैं। पटना से हमारे पास कुछ जानकारी भी आ रही है। आज भी कुछ चर्चा हुई है। पटना पुलिस उस विस्तृत रिपोर्ट की तह तक जा रही है। उनके पास भी कुछ जानकारी आई है। विस्तृत रिपोर्ट वे जल्द ही भारत सरकार को भेजेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा, मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि पुख्ता जानकारी आने पर दोषियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एनटीए हो या एनटीए में कोई भी व्यक्ति हो, दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रधान ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में सर्वोच्च प्राथमिकता विद्यार्थियों के भविष्य को दी जाएगी। मैं आपको यह भी सूचित करना चाहूंगा कि सरकार एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करने जा रही है। एनटीए के ढांचे, एनटीए की कार्यप्रणाली, परीक्षा की प्रक्रिया, पारदर्शिता और डाटा सिक्योरिटी में सुधार करने के लिए इस समिति की सिफारिशें अपेक्षित रहेगी।

## नीतीश सरकार को झटका, पटना हाई कोर्ट ने रद्द किया आरक्षण की सीमा

**पटना।** बिहार में नीतीश कुमार सरकार को बड़ा झटका लगा है। गुरुवार को पटना हाई कोर्ट ने आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी करने के बिहार सरकार के फैसले को रद्द कर दिया है। एससी, एसटी, ईबीसी और अन्य पिछड़े वर्गों को सरकारी नौकरियों में दिया जाने वाला आरक्षण 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी कर दिया गया था। इस तरह सामान्य श्रेणी के लिए 35 फीसदी हिस्सा बचा था, जिसमें ईडब्ल्यूएस के लिए 10 फीसदी आरक्षण भी शामिल है।

## जम्मू में चिनाब ब्रिज पर ट्रेन का ट्रायल हुआ

**श्रीनगर।** जम्मू में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे आर्च ब्रिज पर 20 जून को ट्रेन का ट्रायल रन हुआ। इससे पहले 16 जून को ब्रिज पर इलेक्ट्रिक इंजन का ट्रायल हुआ था। यह ब्रिज संगलदान और रियासी के बीच रेलवे लाइन का हिस्सा है। इस रूट पर 30 जून से ट्रेन ऑपरेट करेगी।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 16 जून को बताया था कि जम्मू के रामबन में संगलदान और रियासी के बीच ट्रेन का पहला ट्रायल रन पूरा हुआ है। यह ट्रेन चिनाब ब्रिज से होकर गुजरेगी, जो कि दुनिया का सबसे ऊंचा स्टील आर्च ब्रिज है। अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस सफल परीक्षण की जानकारी दी। चिनाब ब्रिज पेरिस के एफिल टावर से भी ऊंचा है। एफिल टॉवर की ऊंचाई 330 मीटर है, जबकि 1.3 किमी लंबे इस ब्रिज को चिनाब नदी पर 359 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया है।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऊधमपुर श्रीनगर बारामूला रेल लिंक प्रोजेक्ट के तहत सभी निर्माण कार्य लगभग पूरे हो गए हैं। टनल नंबर 1 का निर्माण थोड़ा बाकी है। यूएसबीआरएल प्रोजेक्ट के पूरा होते ही भारतीय रेलवे कश्मीर घाटी को देश के बाकी रेलवे नेटकर्व से जोड़ने की दिशा में एक और कदम पूरा होगा।

## चुनाव आयोग को मिले आठ लोकसभा सीटों पर ईव्हीएम सत्यापन के आवेदन

**नई दिल्ली**

चुनाव आयोग को लोकसभा चुनाव में ईवीएम में छेड़छाड़ के मामले में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस सहित आठ उम्मीदवारों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। बता दें कि इससे पहले सर्वोच्च अदालत ने 26 अप्रैल को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में हेरफेर के संदेह को निराधार बताया था। इसके साथ ही पेपर बैलेट प्रणाली को बहाल करने की मांग को भी खारिज किया गया था। हालांकि उसी दौरान सर्वोच्च अदालत ने असफल उम्मीदवारों को एक विकल्प दिया था। अदालत ने कहा था कि चुनाव परिणाम में दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले उम्मीदवार प्रत्येक चुनावी क्षेत्र से पांच प्रतिशत ईवीएम के सत्यापन के लिए लिखित अनुरोध कर सकते हैं। कोर्ट ने इस प्रक्रिया के लिए चुनाव आयोग को एक निश्चित शुल्क निर्धारित करने की अनुमति दी थी।

महाराष्ट्र के अहमदनगर से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार सुजय विखे पाटिल ने 40 मतदान केंद्रों की मशीनों के सत्यापन की मांग की है। पाटिल को लोकसभा चुनाव में राकांपा (एसपी) प्रत्याशी नीलेश लंके ने हराया था। इसके अलावा भाजपा उम्मीदवारों ने तमिलनाडु के वेल्लोर और तेलंगाना की जहीराबाद सीटों से ईवीएम सत्यापन की मांग की है। हरियाणा की करनाल और फरीदाबाद सीट, छत्तीसगढ़ की कांकेर सीट से कांग्रेस उम्मीदवारों ने ईवीएम सत्यापन की मांग की है। चुनाव आयोग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार आंध्र प्रदेश में युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) और तमिलनाडु में देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम ( डीएमडीके ) के एक-एक उम्मीदवार ने भी सत्यापन के लिए आवेदन किया है। चुनाव आयोग के मुताबिक कुल छह राज्यों की आठ संसदीय सीटों के उम्मीदवारों ने ईवीएम के सत्यापन की मांग की है। कुल मिलाकर 92 मतदान केंद्रों की मशीनों के सत्यापन की मांग की गई है।

1 जून को चुनाव आयोग द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई थी। दूसरे या तीसरे स्थान पर आने वाले उम्मीदवार अगर ईवीएम का सत्यापन कराना चाहते हैं तो उन्हें प्रति ईवीएम 47200 रुपये का भुगतान करना होगा।

## दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत, राउज एवेन्यू कोर्ट से मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट से मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत मिल गई। कोर्ट ने एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत मंजूर की है। ईडी ने अदालत से जमानत बांड पर हस्ताक्षर करने के लिए 48 घंटे का समय देने का अनुरोध किया ताकि आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सके। इस पर जज ने कहा कि आदेश पर कोई रोक नहीं होगी। कल ड्यूटी जज के समक्ष जमानत बांड पेश किया जाएगा। इससे पहले बुधवार को सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब नीति में अरविंद केजरीवाल की ओर से 100 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगे जाने का दावा किया था। सुनवाई के दौरान केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये पेश हुए थे।

केजरीवाल की जमानत याचिका का विरोध करते हुए जांच एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि रिश्वत के आरोप केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की तरफ से लगाए गए थे। ईडी ने अदालत को बताया कि केजरीवाल ने आप पार्टी के लिए साउथ ग्रुप से रिश्वत की मांग की।

## दलाई लामा के बाद मोदी से मिली नैंसी पेलोसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मिलने आए एक अमेरिकी डेलीगेशन से मिले। इस दौरान पीएम मोदी ने पूर्व यूएस हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी से भी मुलाकात की। पीएम मोदी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के बीच इस मुलाकात के कई मायने तलाशे जा रहे हैं। दरअसल ये पहली बार है जब कोई विदेशी प्रतिनिधिमंडल भारत की जमीन से तिब्बत के समर्थन में आवाज उठा रहा है। हालांकि नैंसी इससे पहले मई 2017 में भी दलाई लामा से मिलने भारत आई थीं। हालांकि तब नैंसी पेलोसी किसी डेलीगेशन के साथ भारत दौरे पर नहीं आई थीं।

गौर करने वाली बात ये है कि भारत, तिब्बत को चीन का हिस्सा मानता है और इसे लेकर टिप्पणी करने से परहेज करता रहा है।

## इस महीने 64.5एमएम बारिश, 20फीसदी कम

### 6 दिन तक मानसून अटका, 2 दिन में एमपी-छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना

**नई दिल्ली।** गर्मी में झुलस रहा उत्तर भारत मानसून की राह देख रहा है। इस बीच भारतीय मौसम विभाग ने कहा कि 1 से 18 जून तक 20 फीसदी कम बारिश हुई। इस दौरान सिर्फ 64.5एमएम पानी बरसा, जबकि इस दौरान 80.6एमएम बारिश होती है।

दक्षिण-पश्चिम मानसून निकोबार में 19 मई को पहुंच गया था। केरल में इस बार दो दिन पहले, यानी 30 मई को, ही मानसून पहुंच गया था और कई राज्यों को कवर भी कर गया। फिर 12 से 18 जून तक (6 दिन) मानसून रुका रहा। इसके चलते उत्तर भारत में हीटवेव चल रही है।

मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिन में मानसून रफ्तार पकड़ेगा। यह महाराष्ट्र के विदर्भ को पार करते हुए मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बड़े हिस्से में पहुंचेगा। इसी दौरान असम, मेघालय सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश होगी। मानसून 12 जून तक केरल, कर्नाटक, गोवा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को पूरी तरह कवर कर चुका था। साथ ही दक्षिण महाराष्ट्र के ज्यादातर हिस्सों, दक्षिणी छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों, दक्षिणी ओडिशा, उपहिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम और सभी पश्चिमोत्तर राज्यों में पहुंच गया था। 18 जून तक मानसून गुजरात के नवसारी, महाराष्ट्र के जलगांव, अमरावती, चंद्रपुर, छत्तीसगढ़ के बीजापुर, सुकमा, ओडिशा के मलकानगिरी और आंध्र प्रदेश के विजयनगरम तक पहुंचा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि जून में मानसून सामान्य से कम यानी 92%लंबी अवधि के औसत से कम रहेगा।

## भाजपा के राजा बनाम कांग्रेस के संत परिवार के बीच सियासी जंग



**भोपाल।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के छिंदवाड़ा लोकसभा सीट हारने के बाद अमरवाड़ा विधानसभा सीट पर उपचुनाव रोचक होने जा रहा है। यहां पर भाजपा के राजा कमलेश शाह और कांग्रेस के संत इनावती परिवार के आमने-सामने आने और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के प्रत्याशी देव रावेन भलावी ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। अमरवाड़ा सीट पर 10 जुलाई को मतदान होगा। यह सीट लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस विधायक कमलेश शाह के भाजपा की सदस्यता लेने और विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुई थी। अब भाजपा ने कमलेश शाह को ही अपना प्रत्याशी बनाया है। कमलेश शाह हर्रई राजघराने से ताल्लुक रखते हैं। शाह के दादा राजा उदयभान शाह और मां रानी शैल कुमारी भी इस सीट से कांग्रेस की विधायक रह चुकी हैं। इस क्षेत्र के गोंड आदिवासी आज भी शाह परिवार के वंशज को अपना राजा मानते हैं।

वहीं, कांग्रेस ने धीरनशाह इनावती को अपना प्रत्याशी बनाया है। 35 वर्षीय धीरनशाह गोंड आदिवासी समाज की आस्था के केंद्र आंचल कुंड धाम की तीसरी पीढ़ी के संत सुखरामदास के बेटे हैं। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने युवा चेहरे देवीराम उर्फ देव रावेन भलावी को प्रत्याशी बनाया है। अमरवाड़ा में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का अच्छा प्रभाव है। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित अमरवाड़ा सीट के आदिवासी मतदाताओं का हर्रई राजघराना, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और आंचल कुंड धाम तीनों से गहरा जुड़ाव है। यही वजह है कि इस सीट पर मुकाबला रोचक हो गया है।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में 1980 में पहला चुनाव लड़ा था। उन्होंने आंचल कुंडधाम बटकाखापा से पदयात्रा निकालकर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की थी। उस समय आंचल कुंडधाम तक सड़क भी नहीं थी। नाथ पांच किमी पैदल यात्रा कर धाम तक पहुंचे थे। वहीं, लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आंचल कुंडधाम के संत सुखराम दास महराज की मौजूदगी में 25 प्रमुख लोगों से मुलाकात की थी। अब सुखराम दाम महराज के बेटे ही कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में भाजपा के कमलेश शाह के सामने हैं।

छिंदवाड़ा की अमरवाड़ा सीट पर अब तक कांग्रेस का ही कब्जा रहा है। 1951 से लेकर अब तक भाजपा यहां सिर्फ दो बार चुनाव जीती है। 1990 में भाजपा के मेहमान शाह उईके इस सीट से चुनाव जीतकर विधायक बने थे, जबकि 2008 में प्रेम नारायण ठाकुर चुनाव जीते थे। इससे पहले एक बार 1967 में भारतीय जनसंघ के एसजे ठाकुर ने चुनाव जीता था। 1951 से 2023 तक यहा 14 बार चुनाव हो चुका है, जिसमें 11 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है।

वहीं, एक बार गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की तरफ से 2003 में मनमोहन शाह बट्टी इस सीट से चुनाव जीते थे। इसके बाद से गोंडवना गणतंत्र पार्टी फिर कभी इस सीट को जीत नहीं पाई। 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से चुनाव लड़े कमलेश शाह ने भाजपा की मोनिका शाह बट्टी 25 हजार से ज्यादा मतों से चुनाव हराया था। हालांकि, हर बार गोंगपा मुकाबले को त्रिकोणीय टक्कर में रोचक बना रही है।

# लक्ष्य के अनुरूप प्रकरणो का निराकरण बैकर्स सुनिश्चित करे : कलेक्टर

## लक्ष्य के अनुसार प्रकरणो का निराकरण करने वाले बैकर्स 15 अगस्त तथा 26 जनवरी को किये जायेगे सम्मानित : शुक्ला

सिंगरौली

शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित बैकों में लंबित प्रकरणो का निराकरण शत प्रतिशत किया जाये। साथ ही जिन बैको को लक्ष्य दिया गया है उसे शत प्रतिशत किया जाना सुनिश्चित करे तथा लक्ष्य प्राप्त करने वाले बैको को 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जायेगा उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रट सभागार में उपस्थित बैंक के अधिकारियो को कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा दिया गया।



विदित हो कि कलेक्टर श्री शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में डीएलसीसी की बैठक आयोजित हुई। बैठक मे कलेक्टर ने बैकवार निराकृत किये गये प्रकरणो के प्रगति जानाकारी लेने के पश्चात निर्देश दिये कि शासन की अति महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित प्रकरण बैंको में लंबित जो अत्यन्त ही खेदजनक है। सभी बैकर्स निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कार्य किया जाना सुनिश्चित करे। अच्छे कार्य करने वाले बैको को पुरूस्कृत किया जायेगा तथा जिन बैकर्स के द्वारा लक्ष्य के अनुरूप प्रकरणो का निराकरण नही किया गया तो उनके विरूद्ध कार्यवाही भी की जायेगी।कलेक्टर ने उपस्थित बैकर्स को यह भी निर्देश दिये कि जीवन ज्योति बीमा, अटल पेशन योजना, मुद्रा योजना के तहत निर्धारित किये गये लक्ष्य के अनुरूप कार्य किया जाये। तथा विभागीय अधिकारियो को भी इस आशय के निर्देश दिये कि अपने अपने विभागो से संबंधित प्रकरणो के निराकरण करने तथा हितग्राही को लाभान्वित कराने हेतु बैंको में सम्पर्क बनाये रखे इसके अलावा समय समय पर शिविर आयोजित कर प्रकरणो का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे। ताकि लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। बैठक के दौरान बैंको में लंबित सीएम हेल्प लाईन के प्रकरणो के निराकरण के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिये कि सीएम हेल्प लाईन शासन की महत्वपूर्ण योजना है सीएम हेल्प लाईन में लंबित प्रकरणो का निराकरण समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित करे।

### कलेक्टर ने आरसीटी बुक का विमोचन

बैठक के दौरान कलेक्टर ने आरसीटी बुका का विमोचन किया तथा संबंधित विभाग के अधिकारी को धन्यवाद देते हुये कहा कि आगे भी इसी तरह से जिले कि प्रगति बढ़ाने में सहयोग देते रहे। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर अरविंद झा, नगर निगम उपायुक्त आरपी बैस, एलडीएम नितिन पटेल, एलडीओ आर.बी.आई विनय मौर्य, आर.सीटी डारेक्टर विजय कुमार, सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग संजय खेडकर, उपसंचालक पिछड़ा वर्ग योगेन्द्र राज सहित बैको के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल गंगा अभियान के तहत असफल बोरो को रिचार्ज साफ्ट में किया जा रहा है परिवर्तित

सिंगरौली

कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत असफल बोर को रिचार्ज साफ्ट में परिवर्तित करने का कार्य किया जा रहा है।। यह एक ऐसी उन्नत गतिविधि है जिसके माध्यम से सतही जल को भूगर्भ में प्रवेशित कराया जा सकेगा। जिले में ऐसे असफल हो चुके बोरों को चिन्हित कराया गया है एवं लगातार प्रयास किये जा रहे हैं कि इन्हें रिचार्ज साफ्ट के रूप में रूपांतरित किया जा सके । इसी क्रमा में जनपद पंचायत बैढन् अंतर्गत ग्राम पंचायत जमगड़ी, गोरा एवं खनुआनवाटोला में 4 रिचार्ज साफ्ट बनाए गए हैं जिससे लगभग 108.00 घन मीटर जल का संरक्षण हो सकेगा तथा भूगर्भ जल स्तर में वृद्धि की जा सकेगी।

# पुलिस अधीक्षक ने प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत भविष्य से भेट के विषय पर बच्चो को किया मार्गदर्शित



सिंगरौली

श्रीमती निवेदिता गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सिंगरौली द्वारा आज दिनांक 20 जून 2024 को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम शिक्षण सत्र2024 - 25 के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विंध्यनगर में भविष्य से भेंट के विषय पर विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं से वार्तालाप किया। तथा छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्धारण पर वार्तालाप करतें हुए, भविष्य के प्रति जागरुक किया, छात्र - छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों में, जैसे परीक्षा की तैयारी कैसे करें, डॉक्टर बनने के लिए नीट परीक्षा की तैयारी कैसे करें, इंजीनियर, शिक्षक बनने के लिए कैसे पढ़ें आदि विषयो पर विस्तृत चर्चा कर पुलिस अधीक्षक द्वारा बिंदुवार विषय पर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही स्मार्ट फोन से परीक्षा संबंधी उपयोगी टॉपिक्स की जानकारी प्राप्त कर विश्लेषणात्मक अध्ययन करने के संबंध में जानकारी देते हुए, उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रोत्साहित किया । साथ ही जन-जागरुकता अभियान के तहत नशा मुक्ति अभियान के संबंध में भी जागरूक किया गया एवं नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे मे बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन के प्राचार्य, प्रधानाचार्य, शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

# वर्किंग कमेटी के गठन में अमलोरी परियोजना के अधिकारियों पर भेदभाव करने का आरोप

**सिंगरौली।** एनसीएल के अमलोरी परियोजना में वर्कि ग कमेटी का गठन किया गया है। जहां भेदभाव करने की बू आ रही है। ज्ञात हो की नए औद्योगिक संबंध विवाद के निपटारे हेतु नई कमेटी का गठन एनसीएल में किया जा रहा है। जिसमें वर्किंग कमेटी गठन में प्रबंधन सिर्फ श्रमिक संघ के पदाधिकारी का ही नाम आपस में बैठकर नाम लेकर गठन करने के फिराक में था जबकि परियोजना क्षेत्र में कार्यरत कोई भी कर्मचारी वर्किंग कमेटी में अभ्यर्थी के रूप में फॉर्म भरकर वर्किंग कमेटी में शामिल हो सकता है । जिसमें अमलोरी परियोजना में कार्यरत मनोज कुमार सिंह जो की इंटक से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय कोलरी मजदूर संघ अमलोरी परियोजना के संगठन के अध्यक्ष हैं। इनके द्वारा अपना फॉर्म भरकर परियोजना के आवक जावक पंजी में दर्ज करा कर फार्म दिया गया, जिसका उनको एक प्रति भी प्राप्त हुई। जिस पर कार्मिक प्रबंधन एनसीएल अमलोरी परियोजना द्वारा कहा गया कि आपके द्वारा जमा किया गया फॉर्म हम अमान्य करते हैं। जिस पर उन्होंने विरोध किया कि मैं भी एक कर्मचारी हूं एवं परियोजना में कार्यरत है। वर्किंग कमेटी गठन की जानकारी प्रबंधन के द्वारा सिर्फ अपने चुनिंदा कर्मचारी को दी गई थी जो की आज हमें किसी माध्यम द्वारा प्राप्त हुई है एवं हमारे संघ को भी इसकी सूचना प्राप्त नहीं हुई कृपया वर्किंग कमेटी में मेरा भी नाम शामिल कर परियोजना एवं कर्मचारी के कल्याण हेतु अभ्यर्थी के रूप में शामिल किया जाए। जिस पर प्रबंधन द्वारा नाम ना लेने का बात कही गई। देखना यह है कि क्या प्रबंधन इनका नाम शामिल करती है। अगर नहीं शामिल करती तो राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ इंटक लेबर कोर्ट एवं हाई कोर्ट जाने के लिए भी तैयार है। जिसकी समस्त जिम्मेदारी एनसीएल अमलोरी परियोजना प्रबंधन की होगी।

# बच्चो को सही समय पर मार्गदर्शन मिले तो भविष्य में सक्षम व्यक्ति बनेंगे : कलेक्टर

## बलियरी विद्यालय पहुंचे कलेक्टर, बच्चो से की भेंट

**सिंगरौली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव का 18 जून को हो गया है। स्कूल चले हम अभियान को जन आंदोलन में परिणित करने दृष्टि से 20 जून को शासकीय शालाओ मे जनसमुदाय की सहभागिता से भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत जिला स्तयरीय अधिकारियो के व्दारा आवंटित स्कूल में छात्रों की क्लास ली गई एवं अध्यापन कार्य कराया गया। भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय बलियरी में पहुंचकर अध्यापन का



कार्य किया । उन्होंने बच्चो से भेंट की एव बच्चो से चर्चा करते हुये बताया कि व्यक्ति अपने सोच की तरह बनता है तथा उसी सोच के अनुसार अपना भविष्य तय करता । अत: हम सबको अपने अपने भविष्य के बारे में नीतिबाध्य तरीके से सोचना होगा और उसी मार्ग में अग्रसर रहना होगा। कलेक्टर ने वह मौजूद शिक्षकों से कहा कि बच्चे छोटे पौधो की तरह होते है जिन्हे शुरूआत में सही मार्गदर्शन एवं ज्ञान रूपी जल खाद मिल जाये तो आने वाले समय में संक्षम व्यक्ति बन सकंगे।

### उमावि कन्या बैढन् पहुंचे अपर कलेक्टर

स्कूल चलो अभियान वर्ष 2024 के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या बैढन् में अपर कलेक्टर अरविंद झा के द्वारा बच्चो को नैतिक शिक्षा एवं सामान्य ज्ञान का मार्गदर्शन दिया गया। तथा बच्चो को शिक्षा के प्रति रूचि जागृत करने एवं मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए उत्साहित किय गया। वही उपस्थित प्राचार्य को निर्देश दिये गये कि कोई भी बच्च प्रवेश से बंचित न रहे। इस अवसर पर अभिभावक गण एवं विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# राज्य मंत्री आज आएंगी सिंगरौली



**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश शासन की राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग राधा सिंह आज सिंगरौली आयेंगी। राज्य मंत्री 20 जून को प्रात: 7 बजे भोपाल से कार द्वारा प्रस्थान कर शायं 6 बजे सिंगरौली आयेगी। राज्यमंत्री रात्रि विश्राम अपने निज निवास बैढन् में करेगी। राज्यमंत्री श्रीमती सिंह 21 को प्रात: 6 बजे राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढन् में विश्व योग दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होगी।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाला आरोपी पकड़ाया

सिंगरौली

श्रीमती निवेदिता गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के निर्देशन, शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिंगरौली, पीएस परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यगर के मार्गदर्शन पर कामयाबी मिली है। बीते 19 जुन के शाम मे मुखविर से सूचना मिली कि ग्राम नंदगांव मे अयान किराना दुकान के पास राजू कुमार गुप्ता अवैध मादक पदार्थ गांजा झोला मे लेकर बिक्री करने हेतु खडा है, जिस पर साक्षियो को बुलाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुये हमराह स्टाफ एवं साक्षी के घटना स्थल मुखविर के बताये स्थान ग्राम नंदगांव पहुंचकर देखे तो एक व्यक्ति झोला लिये दिखा जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी की गई जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा जिसे पकडकर नाम पता पूछा गया जो अपना नाम राजू कुमार गुप्ता पिता साहेब प्रसाद उम्र 28 वर्ष निवासी पुरैनी थाना नगर उटारी जिला गढवा झारखण्ड हाल ग्राम नंदगांव थाना नवानगर का होना बताया, जिसके हाथ मे लिये झोले की तलासी विधिवत कार्यवाही करते हुये ली गई, जो प्लास्टिक के झोले के अंदर एक सफेद कलर के पन्नी मे मादक पदार्थ गांजा जैसे पदार्थ पाये जाने पर मौके पर शीलबंद कर विधिवत जप्त किया गया तथा आरोपी कहां से गांजा प्राप्त किया है के सम्बंध मे जानकारी प्राप्त की जा रही है। जिसमे अवैध मादक पदार्थ गांजा 450 ग्राम कीमत 8,000 का जप्त किया गया। सराहनीय भूमिका निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी नवानगर , सउनि अशोक सिंह, प्र.आर, आर, अजय यादव, दिलीप धाकड, अमृत राजपूत एवं वेद प्रकाश शुक्ला का योगदान रहा।

# चार ग्राम हेरोइन के साथ कारोबारी धराया



**सिंगरौली।** जयंत पुलिस ने चार ग्राम हेरोइन के साथ कारोबारी को पकड़ा है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देश पर जयंत चौकी प्रभारी सुरेन्द्र यादव ने की है। जयंत चौकी प्रभारी सुरेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति शक्तिनगर की ओर से हेरोइन लेकर जयंत तरफ बिक्री करने आ रहा है। मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी ने तत्काल सहायक उप निरीक्षक श्याम बिहारी दिवेदी के साथ एक टीम बनाकर घेरा बंदी कर आरोपी के पकड़ा गया । जिसकी तलाशी लेने पर 4 ग्राम स्मैक हीरोइन मिली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत आरोपी शिवम पनिका पिता रमाशंकर पनिका उम्र 23 वर्ष निवासी परसवार राजा थाना शक्तिनगर उत्तर प्रदेश के खिलाफ कायम कर न्यायालय में पेश किया गया।

## नशे के विरुद्ध मोरवा पुलिस का अभियान

# बाइक रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

**सिंगरौली।** आगामी 26 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेश के बाद पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन पर निरीक्षक कपूर त्रिपाठी द्वारा मोरवा शहर में बाइक रैली निकालकर लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया। गौरतलब है कि नशीले पदार्थों का समाज में तेजी से चलन बढ़ रहा है। जिसकी चपेट में नवयुवक आ रहे हैं। युवाओं में विशेष कर स्कूल/कॉलेज के छात्र-छात्राओं में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। जिस कारण उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। साथ ही यह प्रवृत्ति इनको अपराध घटित करने के लिए भी प्रेरित करती है। आने वाले पीढ़ी को नशे से दूर कर एक सुनहरा भारत बनाने के लिए मोरवा पुलिस ने यह पहल की है। मोरवा पुलिस की बाइक रैली मोरवा बाजार, गुरुद्वारा रोड, एलआईजी रोड, गायत्री मंदिर रोड, मस्जिद तिराहा होते हुए यूनियन बैंक रोड आदि सडकों पर निकली।



# शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने मुख्यमंत्री का सपना हो रहा साकार : राम निवास



**सिंगरौली।** शासकीय हाई स्कूल शाहपुर में प्रवेश कार्यक्रम सिंगरौली विधायक राम निवास शाह के मुख्य अतिथि में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि स्कूल चले हम अभियान के तहत मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा छात्रो को शैक्षणिक सुविधाएं सुगमता से भरपूर अर्जित कराई जा रही है तथा हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव छात्रो के सपनो को साकार कर रहे है। बच्चे होनहार हो खूब पढ़े खेले जीवन में आगे बढ़े इस दिशा मे शासन छात्रो को प्रोत्साहित कर रही है। वही छात्रो के शैक्षणिक स्तर को उचा उठाने मुख्यमंत्री का सपना साकार हो रहा है। विधायक श्री शाह ने कहा कि कोई भी बच्चा प्रवेश से बंचित न रहे। साथ ही उपस्थित अभिभावको से भी अपील किया कि ऐसे बच्चे जिनका प्रवेश नही हो पाया है उनका प्रवेश कराने में सहयोग करे। साथ ही संबंधित विद्यालय के प्राचार्य को इस आशय के निर्देश दिये कि बच्चो को समय पर पाठ् पुस्तको का वितरण एवं गणवेश का वितरण किया जाना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर प्राचार्य सहित विद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# स्कूल चले हम अभियान के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## अधिकारियों ने विद्यार्थियों से साझा किए अनुभव, भविष्य में बेहतर करने किया प्रेरित

**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार 18 से 20 जून तक स्कूल चले हम अभियान 2024 अन्तर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन सीधी जिले में किया गया। प्रथम दिवस समस्त शालाओं में प्रवेशोत्सव के साथ-साथ प्राथमिक माध्यमिक शालाओं में विशेष भोज का आयोजन किया गया। इस अवधि में शालाओं में विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण, शाला प्रबन्धन समिति की बैठकों का आयोजन किया गया। पूर्व से पोर्टल पर पंजीकृत गणमान्य नागरिकों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों के द्वारा शालाओं में



उपस्थित होकर विद्यार्थियों से भेंट की गई। उनके द्वारा अपने जीवन के अनुभव एवं विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप संस्मणों को साझा किया गया। प्रवेशोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम सी एम राइज स्कूल शा. कन्या उ. मा. वि. सीधी में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी राहुल धोटे की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। शासन के निर्देशानुसार विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी शालाओं में अवलोकन, विद्यार्थियों से संवाद एवं कक्षाध्यापन हेतु जिला स्तर से कलेक्टर द्वारा लगाई गई थी जिसमें अधिकारियों के द्वारा शालाओं में उपस्थित होकर कक्षाध्यापन का कार्य भी किया गया। विकासखण्ड कुसमी में एस पी मिश्रा एसडीएम कुसमी के द्वारा शा. हाई स्कूल मेंड्रा, ज्ञानेन्द्र मिश्रा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी के द्वारा शा. हाई स्कूल घुपखड़, विकासखण्ड मझौली में आर पी त्रिपाठी एसडीएम मझौली के द्वारा शा. हाई स्कूल छुही, श्री निवास द्विवेदी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मझौली के द्वारा शा. हाई स्कूल चोरवा, बालमीक प्रसाद साकेत नायब तहसीलदार मझौली के द्वारा शा.उ.मा.वि. खड़ौरा, पुष्पेन्द्र सिंह, जिला परियोजना प्रबन्धक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सीधी के द्वारा शा. मा. शा. डोकरबन्धा में अध्यापन कार्य किया गया।

नीलेश शर्मा एसडीएम सीधी के द्वारा शा. हाई स्कूल महराजपुर, राजेश तिवारी डीपीसी के द्वारा शा.मा.शा. जोरौंधा, डॉ प्रेमलाल मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा शा.उ.मा.वि. कन्या गाड़ा, अशोक तिवारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी के द्वारा शा.उ.मा.वि. लकोंड़ा में अध्यापन कार्य किया गया।

## संपादकीय

### दोषियों को बचाने के लिए सबूत पर पर्दा

किसी भी हादसे के बाद उसके कारणों की जांच एक अनिवार्य प्रक्रिया है, जिसमें तथ्यों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जाती है। मगर कई मामलों में असली दोषी पकड़ में नहीं आते या जांच की रपट किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाती है। जाहिर है, इसके लिए किसी न किसी स्तर पर सबूतों को नष्ट करने, तथ्यों को दबाने, छिपाने या उनमें छेड़छाड़ की कोशिश की गई होती है। कुछ समय पहले गुजरात के राजकोट में एक खेल-परिसर में लगी आग में जैसी त्रासदी सामने आई, उसकी जांच के दौरान जो तथ्य सामने आ रहे हैं, उससे साफ है कि वहां बहुस्तरीय लापरवाही बरती गई और बाद में उस पर पर्दा डालने की कोशिशें भी हुईं।पुलिस ने इस सिलसिले में अब तक राजकोट नगर निगम के छह कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने खेल-परिसर की पहले से तैयार की गई एक योजना को मंजूरी दी। फिर आग लगने के एक दिन बाद पिछली तारीख में प्रविष्टियां दर्ज कर सबूत नष्ट किए गए।इस संदर्भ में अगर ऐसे तथ्यों पर गौर किया जाए तो यही सामने आता है कि कई मामलों में पहले सारे नियम-कायदे ताक पर रख कर किसी गतिविधि को संचालित करने की इजाजत दे दी जाती है या फिर उस ओर से आंखें मूंद ली जाती हैं। फिर अगर किन्हीं हालात में कोई हादसा हो जाता और मामला तूल पकड़ता है तो असली दोषियों को बचाने की कोशिश शुरू हो जाती है। अगर कभी जांच में ये मामले पकड़े जाते हैं, तभी दोषियों के खिलाफ जालसाजी, साक्ष्य नष्ट करने और आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जाती है।मगर कई बार जालसाजी करके बड़े हादसों के लिए जिम्मेदार आपराधिक लापरवाहियों पर भी पर्दा डाल दिया जाता है। कुछ समय पहले पुणे में एक कार से टक्कर मार कर दो लोगों की जान लेने वाले एक नाबालिग को बचाने की कोशिश में किस स्तर पर सबूतों में हेराफेरी गई, वह अब सबके सामने है। दोषियों को बचाने के लिए तंत्र के स्तर पर इस तरह की हेराफेरी करने वालों पर लगाम लगाए बिना न्याय सुनिश्चित करना मुश्किल होगा।

# तपते टापू बनते शहरों में जनजीवन पर मंडराया संकट, कौन है जिम्मेदार?

(कमलेश पांडे)

उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू से आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। क्योंकि लू के दिनों की संख्या इस बार दो गुनी से ज्यादा हो गई है। आंकड़े बता रहे हैं कि लू की चपेट में आने से अबतक दर्जनों लोगों की जान चली गई है। वैसे तो ऐसा हर साल मई और जून के महीनों में होता आया है, लेकिन अब जलवायु परिवर्तन से स्थिति साल दर साल और गम्भीर ही होती जा रही है, जो सार्वजनिक और सामूहिक चिंता की बात है। इस स्थिति से निबटने के लिए सरकार और सामाजिक संगठनों, दोनों को जागृत होना पड़ेगा, अन्यथा जिम्मेदारी और जवाबदेही दोनों तय किये जाने की मांग भी जोर पकड़ेगी, जो जायज होगी।

जानकारों के मुताबिक, देश के कुछेक शहर अब तपते टापू यानी हीट आइलैंड प्रतीत हो रहे हैं। सामान्य शब्दों में हीट आइलैंड का मानक 44 डिग्री और उससे ऊपर का तापमान है। चूंकि यह सामान्य से 4 डिग्री अधिक होता है। इसलिए हीट आइलैंड का शिकार हो रहे शहरों में लू का प्रकोप भी भयावह हो जाता है। इससे शहर की गतिविधियां लगभग ठप पड़ जाती हैं। अमूमन हर साल मई और जून के महीनों में इन शहरों में तापमान 45 से 49 डिग्री तक पहुंच चुका है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो उठता है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर अंधाधुंध विकास की आंधी में झुलस रहे इन शहरों की मौजूदा स्थिति के लिए कौन जिम्मेदार है और इससे बचने का सही रास्ता क्या है, जिसे सुझाने में सरकार भी लापरवाही बरत रही है!

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के साथ उपयुक्त और अनुपयुक्त भूमि के बिगड़ते संतुलन, शहरों में कंक्रीट के बढ़ते जंगल, वातानुकूलित (एयर कंडीशनर) इमारतें, वाहन और उद्योगों के उगलते धुओं के चलते व्याप्त गर्मी से जगह-जगह पर हीट आइलैंड बन रहे हैं। गांवों की अपेक्षा कंक्रीट वाले शहर इससे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

वहीं, जिन इलाकों में पेड़-पौधे कम होते हैं और कंक्रीट के भवन, घनी आबादी और एसी ज्यादा होते हैं, वहां पर हीटलैंड बन जाते हैं। वहां पर अन्य जगहों के मुकाबले 2 से 3 डिग्री अधिक तापमान देखने को मिलता है।

इससे स्पष्ट है कि हीट आइलैंड बनने के वास्ते किसी भी शहर में जो स्थानीय कारण हैं, उनमें बढ़ते भवनों की संख्या, पौधों का कटना, एसी की संख्या बढ़ना, वाहन बढ़ना, घनी आबादियां आदि शामिल हैं। इनका सीधा असर जलवायु परिवर्तन पर पड़ता है, इसलिए इस नजरिए से भी चिंतन जरूरी है।

चिकित्सक बताते हैं कि हीट वेब का असर हीट आइलैंड पर ज्यादा होता है। इसके चलते हृदय रोगियों के साथ मस्तिष्काघात (ब्रेन स्ट्रोक) के मामले भी बढ़ रहे हैं। वहीं अनिंद्रा से तनाव-बेचैनी के साथ लोगों की दिनचर्या भी स्पष्ट तौर पर प्रभावित हुई है। इससे गम्भीर बीमारियां भी बढ़ रही हैं। किसी को त्वचा सम्बन्धी सर्वाधिक बीमारियां हो रही हैं तो कोई घमौरियों से परेशान महसूस कर रहा है। वहीं, काम की गति कम होने से शहर के विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हीट वेब का वनस्पतियों और फसलों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिससे सब्जियों पर महंगाई के बादल मंडराने लगे हैं। वहीं, ऐसे शहरों में लोग बिजली व पानी के संकट के भी शिकार हो रहे हैं। दैनिक मजदूरों के लिए संकट तो आम बात है। वहीं, पशु-पक्षी तक इससे प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए इन सबके लिए एहतियाती उपाय करना राज्य प्रशासन की जिम्मेदारी है।



कुछ शोध रपट बताते हैं कि मकानों में लगाये जा रहे वातानुकूलन संयंत्र (एसी) अंदर तो ठंडक का एहसास करा रहे हैं, लेकिन इसकी कीमत वातावरण के बढ़ते तापमान से चुकाई जा रही है। वहीं, सेंसर आधारित शोध में कंकरीट की इमारतों का तापमान मिट्टी की दीवारों की तुलना में पांच से छह डिग्री तक ज्यादा पाया गया है। वहीं, एक अध्ययन बताते हैं कि हीट आइलैंड बन चुके शहरों में कम बारिश हो रही है, जिसके चलते मौसम की उग्रता बढ़ रही है। खास बात यह है कि प्राकृतिक तौर पर ठंडक बनाये रखने की प्रणाली (नेचुरल कूलिंग सिस्टम) की भी ऐसे शहरों में कमी दिख रही है। इससे शहर के भीतर और बाहर के तापमान में बड़ा अंतर आया है। इसलिए सरकार को चाहिए कि ऐसे शहरों के लिए वह विशेष रिहायशी व औद्योगिक नीति बनाए, ताकि पर्यावरण और आधुनिकता में एक समन्वय स्थापित हो सके। जनजीवन की रक्षा के लिए ऐसा करने की नितांत आवश्यकता है।

विशेषज्ञों की मानें तो विभिन्न प्रदेशों में हीट आइलैंड चित्रित करने का कोई तंत्र नहीं है, लेकिन लू की स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है। जबकि बिहार-झारखंड, यूपी-उत्तराखंड, दिल्ली-हरियाणा-पंजाब, राजस्थान-मध्यप्रदेश के हीट आइलैंड बन चुके कतिपय शहरों में इन्हें चित्रित करने का तंत्र विकसित किया जाना चाहिए। क्योंकि हीट वेब का सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव ऐसे लोगों पर पड़ा है जो सड़क के किनारे रोजगार चलाते हैं।

एक अध्ययन के मुताबिक, दिल्ली में 49 फीसदी स्ट्रीट वेंडरों का कहना है कि लू के चलते उनकी आय में कमी हुई है। ग्रीन पीस और नेशनल हॉकर फाउंडेशन की अध्ययन बताती है कि 80 प्रतिशत स्ट्रीट वेंडरों ने ग्राहकों की संख्या में गिरावट को स्वीकार किया है, जिससे उनकी आय घटी। इसलिए इनके स्वास्थ्य जोखिम, आजीविका की चुनौतियां और अनुकूलन रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

वहीं, बाहरी श्रमिक जो धूप में काम करते हैं, उन्हें गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का अधिक सामना करना पड़ता है। इसलिए ग्रीन पीस इंडिया ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) से आग्रह किया है कि वे लू को राष्ट्रीय आपदा घोषित करें, जिससे अनुकूलन, शमन और राहत के लिए उचित धन की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। शासन को चाहिए कि वह त्रिस्तरीय पंचायती राजव्यवस्था से जुड़े लोगों को लू, बाढ़ और शीतलहर से बचने-बचाने के लिए प्रशिक्षण दे और ऐसी एहतियाती व्यवस्था करे, ताकि किसी को मौसम की मार झेलनी ही न पड़े। आधुनिक विज्ञान और प्रशासन के लिए यह कोई बड़ी बात नहीं है। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं)

# पूरी हो सकती है यूनिवर्सल डोनर ब्लड की आशा

**शुगर मॉलिक्यूल्स की यह श्रृंखला एक ग्रुप के ब्लड को दूसरे प्रकार के ब्लड के साथ असंगत बनाती है। शोधकर्ताओं ने लाल रक्त कोशिकाओं (आरबीसी) से शुगर के इस एक्सटेंशन को हटाने के लिए आंत के बैक्टीरिया से प्राप्त एंजाइमों के एक मिश्रण का उपयोग किया। गलत खून चढ़ाने से घातक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया हो सकती है। इसकी वजह यह है कि इम्यून सिस्टम आरबीसी से निकलने वाले बाहरी शुगर मॉलिक्यूल या एंटीजन को पहचान लेता है और उन पर हमला शुरू कर देता है।ए टाइप के ब्लड में ए एंटीजन, बी टाइप के ब्लड में बी एंटीजन के साथ मिश्रित नहीं होते।**

(मुकुल व्यास)

अस्पतालों में जरूरतमंद मरीजों के लिए ब्लड जुटाना हमेशा मुश्किल होता है। दुनिया के वैज्ञानिक ऐसे यूनिवर्सल डोनर ब्लड की तलाश में हैं, जो किसी भी ब्लड ग्रुप वाले व्यक्ति को दिया जा सके। वैसे तो 'ह' ब्लड ग्रुप वाले यूनिवर्सल डोनर हैं, लेकिन इस ब्लड ग्रुप के लोग हमेशा पर्याप्त संख्या में नहीं होते। अब वैज्ञानिकों ने आंत के बैक्टीरिया का उपयोग करके इस दिशा में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। 'नेचर माइक्रोबायॉलजी' पत्रिका में प्रकाशित नया अध्ययन बताता है कि शोधकर्ताओं ने शुगर के मॉलिक्यूल की लंबी श्रृंखला की पहचान की है जो इस समस्या के समाधान में काफी मददगार हो सकता है।



**एंटीजन का खेल-** शुगर मॉलिक्यूल्स की यह श्रृंखला एक ग्रुप के ब्लड को दूसरे प्रकार के ब्लड के साथ असंगत बनाती है। शोधकर्ताओं ने लाल रक्त कोशिकाओं (आरबीसी) से शुगर के इस एक्सटेंशन को हटाने के लिए आंत के बैक्टीरिया से प्राप्त एंजाइमों के एक मिश्रण का उपयोग किया। गलत खून चढ़ाने से घातक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया हो सकती है। इसकी वजह यह है कि इम्यून सिस्टम आरबीसी से निकलने वाले बाहरी शुगर मॉलिक्यूल या एंटीजन को पहचान लेता है और उन पर हमला शुरू कर देता है।ए टाइप के ब्लड में ए एंटीजन, बी टाइप के ब्लड में बी एंटीजन के साथ मिश्रित नहीं होते। यूनिवर्सल डोनर ग्रुप ओ में इन एंटीजन की कमी होती है। यही वजह है कि इसे किसी भी ब्लड टाइप वाले में चढ़ाया जा सकता है।

**असंगति से मदद-** पिछले कई दशकों से वैज्ञानिक ए और बी ब्लड ग्रुप में एंजाइमों की मदद से एंटीजन हटाने की कोशिश कर रहे हैं। 1980 के दशक में टाइप बी ब्लड को टाइप ओ में चेंज करने के लिए बिना भुनी हुई कॉफी बीन्स से प्राप्त एंजाइमों का उपयोग शुरू किया। तबसे वैज्ञानिकों ने और बेहतर एंजाइम खोजे हैं जो एऔर बी, दोनों टाइप के ब्लड में काम करते हैं।

**खोज में पता चला-** आरसीबी से एंटीजन साफ करने के बाद, टाइप ए और टाइप ब, दोनों ब्लड के अणु टाइप ह रक्त की तरह दिखते हैं। लेकिन जब इस उपचारित ब्लड को टाइप ह ब्लड प्लाज्मा (ब्लड का पानी वाला हिस्सा ) के साथ मिलाया गया तो सकारात्मक प्रतिक्रिया दिखी। यह असंगति का संकेत था। वैज्ञानिक सोच में पड़ गए कि वे असंगत कैसे हो सकते हैं, जबकि कायदे से उन्हें संगत होना चाहिए था। वैज्ञानिकों ने विस्तृत जांच करने के बाद पाया कि ए, और बी टाइप से एंटीजन हटाने के बावजूद उनमें शुगर के मॉलिक्यूल की लंबी श्रृंखलाएं मौजूद थीं। उनकी उपस्थिति से यह असंगति पैदा हुई।

**एंजाइम की कॉकटेल-** नए अध्ययन में स्वीडन के वैज्ञानिक मार्टिन ओल्सन और उनके सहयोगियों ने दिखाया कि टाइप ए और बी ब्लड से एंटीजन और शुगर के एक्सटेंशन को हटाने से यह टाइप ओ ब्लड के साथ अधिक अनुकूल हो जाता है। उनकी टीम ने अक्करमेंसिया म्यूसिनीफिला नामक बैक्टीरिया से एंजाइमों के एक कॉकटेल का उपयोग किया।

**शुगर एक्सटेंशन का असर-** यह बैक्टीरिया मानव आंत में पाया जाता है। बैक्टीरिया आंत की म्यूकस लाइनिंग (चिपचिपी परत) में शुगर की लंबी श्रृंखलाओं को विखंडित कर देता है। जब वैज्ञानिकों ने टाइप बी ब्लड में मूल एंटीजन को हटा कर उसका टाइप ओ प्लाज्मा के साथ प्रयोगशाला में परीक्षण किया, तो लगभग 80 प्रतिशत बी डोनर प्लाज्मा को टाइप ओ प्लाज्मा के साथ संगत पाया गया। एक बार शुगर का एक्सटेंशन हटाने के बाद यह मात्रा लगभग 91 प्रतिशत से 96 प्रतिशत तक बढ़ गई। इससे पता चला कि शुगर के एक्सटेंशन ने प्रारंभिक असंगति में योगदान दिया होगा।

**पहला ठोस कदम-** ब्लड ग्रुप के लिए परिणाम उतने अच्छे नहीं हैं। ग्रुप के डोनर में से केवल 20 प्रति. में ही शुरू में कोई प्रतिक्रिया नहीं होती है। एक्सटेंशन हटाए जाने के बाद यह मात्रा बढ़कर लगभग 50 प्रति. हो गई। कोलंबिया विश्वविद्यालय में ट्रांसफ्यूजन बायॉलजी लैब के को-डायरेक्टर डॉ. स्टीवन स्पिटलनिक ने कहा कि टाइप ए, टाइप बी की तुलना में जैव-रासायनिक रूप से अधिक जटिल प्रतीत होता है। इसलिए वैज्ञानिकों को एंजाइमों के अपने कॉकटेल को संशोधित करना पड़ेगा। इस विधि को पर्याप्त रूप से सुरक्षित बनाने के लिए अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। फिर भी यह यूनिवर्सल डोनर ब्लड की दिशा में पहला ठोस कदम है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5407

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | ■ | 6 |
| 7 | | | | | | 8 | |
| | | | | | 9 | | |
| 10 | 11 | | | 12 | | | |
| ■ | | ■ | 13 | | | | |
| 14 | | | | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 15 | ■ | 16 |
| 17 | | | | ■ | 18 | | |

संकेत: बाएं से दाएं
1. 1961 को इस अमेरिका के प्रथम अश्वेत एंव 44 वें राष्ट्रपति ने जन्म लिया था (6)
7. निराकरण या समाधान करना (5)
8. सड़क, मार्ग (अंग्रेजी)(2)
9. पहर-पहर पर घंटा बजने का शब्द, समय घोष (3)
10. चोचला, ठसक, हाव-भाव (3)
12. अज्ञात, अप्रसिद्ध, नामहीन, अख्यात (4)
13. दूरदर्शन पर पूर्व प्रसारित धारावाहिक महाभारत के संगीतकार (5)
14. युवराज, नवाबज्यादा, पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता (5)
17. भगवान, ईश्वर, प्रभु (4)
18. जिंदगी, हयात, पुरानी फिल्मों के ये अभिनेता अपनी खल-भूमिका के लिए जाने जाते थे (1915-1987) (3)

ऊपर से नीचे
1. यह अरब देश है जिसमें 33 छोटे-छोटे द्वीप शामिल है इस देश की राजधानी मनामा है (4)
2. लार, वार्निश, गोंद (2)
3. क से ह तक की वर्णमाला (4)
4. अभिमुखता, दिशा में, तरफ (2)
5. वेष, विन्यास, पहनावा, पोशाक (2)
6. मुगल शासक अकबर के शासन काल में नवरत्नों में से एक थे जिसने भूमि पैमाईश का आयोजन किया था (5)
8. वह डायरी जिसमें प्रतिदिन की कार्यवाही का विवरण लिखा जाता है (5)
9. खुशबू, महक, संगीत का विशेष कंपन (3)
11. शास्त्रीय संगीत में षड्ज स्वर (3)
12. परस्पर निर्वाह या जीवन निर्वाह, रास्ता (3)
13. महर्षि वाल्मीकि का प्रसिद्ध पौराणिक ग्रंथ (4)
14. प्रेम करना, अजीज मानना, दिल में जगह देना, मन लगाना, रीझना (3)
15. 332 द्वीप वाले द्वीपपुंज की राजधानी सुवा है (3)
16. गौरव की भावना, प्रतिज्ञा, संकल्प (2)

### वर्ग पहेली 5406 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | य | दे | व | ■ | सा | के | त |
| ग | म | न | ■ | बा | त | ■ | पा |
| दं | ■ | दा | वा | ■ | हिं | स | क |
| बा | ब | र | ■ | गा | दु | र | ■ |
| ■ | र | ■ | रे | ■ | स्ता | ■ | भू |
| अ | सी | म | ■ | सो | नी | प | त |
| टू | ■ | शा | ना | ■ | ■ | ■ | ना |
| ट | ह | ल | ना | ■ | श | प | थ |

# बद्रीनाथ धाम-भगवान विष्णु को समर्पित इस मंदिर का नाम कैसे पड़ा बद्रीनाथ

(अनन्या मिश्रा)

बद्रीनाथ धाम भगवान विष्णु को समर्पित है। बता दें कि यह मंदिर अलकनंदा नदी के तट पर स्थित है। इस मंदिर को भारत के चार धामों में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण माना जाता है। हर साल दर्शन के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

उत्तराखंड राज्य में स्थित बद्रीनाथ धाम चार धामों में से एक है। बद्रीनाथ धाम भगवान विष्णु को समर्पित है। बता दें कि यह मंदिर अलकनंदा नदी के तट पर स्थित है। इस मंदिर को भारत के चार धामों में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण माना जाता है। यहां पर हर साल दर्शन के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। बद्रीनाथ धाम मंदिर काले पत्थरों से बना हैं और इस मंदिर में भगवान विष्णु की एक शालिग्राम मूर्ति स्थापित है।

बताया जाता है कि आदि शंकराचार्य द्वारा 8वीं शताब्दी में इस मंदिर का निर्माण करवाया गया था। इस मंदिर तक जाने के लिए एक कठिन यात्रा तय करनी पड़ती है। लेकिन क्या आप जानते हैं इस मंदिर का नाम बद्रीनाथ धाम कैसे पड़ा। अगर आपको इसका जवाब नहीं पता है, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इसके पीछे की एक रोचक कहानी बताने जा रहे हैं।

अखंड ज्योति का महत्व

आपको बता दें कि इस मंदिर में एक अखंड ज्योति जलती है, जिसको भगवान श्रीहरि विष्णु का प्रतीक माना जाता है। बद्रीनाथ धाम में यह ज्योति हमेशा जलती रहती है। फिर चाहे कैसा मौसम हो या कोई आपदा क्यों न आ जाए। बताया जाता है कि बद्रीनाथ धाम में जलने वाले यह ज्याति करीब 5000 साल से भी अधिक पुरानी है। इस अखंड ज्योति का निर्माण पांच प्रकार की लकड़ी, घी, कपूर, दालचीनी और लौंग से होता है। वहीं इस ज्योति को भगवान श्रीहरि विष्णु के प्रकाश का प्रतीक माना जाता है।

यह ज्योति दर्शाती है कि भगवान हमेशा अपने भक्तों के साथ हैं, फिर चाहे कितनी ही मुश्किल क्यों न आ जाए। बद्रीनाथ धाम की यात्रा करने वाले श्रद्धालु मंदिर में श्रीहरि विष्णु के दर्शन के बाद अखंड ज्योति के दर्शन करने आते हैं। मान्यता है कि इस ज्योति के दर्शन करने से मन को शांति मिलती है और जातक के सभी पापों का नाश होता है।

**ऐसे कहलाया बद्रीनाथ धाम -** पौराणिक कथा के मुताबिक सतयुग में तपस्या करने के लिए भगवान विष्णु ने बद्रीनाथ धाम का चयन किया था। वहीं मां लक्ष्मी भी भगवान विष्णु के साथ रहना चाहती थी। लेकिन देवताओं के नियम के अनुसार, उनको मनुष्यों की दुनिया में रहना पड़ता था। तब भगवान विष्णु की रक्षा के लिए मां लक्ष्मी ने बद्री वृक्ष का रूप धारण कर लिया।

वहीं मां लक्ष्मी के त्याग और प्रेम से प्रसन्न होकर श्रीहरि विष्णु ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि वह बद्रीनाथ धाम में उनके साथ ही रहेंगी और मंदिर आने वाले श्रद्धालु उनकी भी पूजा करेंगे। इसी वजह से इस मंदिर का नाम बद्रीनाथ धाम पड़ा। दरअसल, 'बद्री' का अर्थ वृक्ष और 'नाथ' का नाम भगवान का आशय है।

# आज का राशिफल

### मेष
आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा हो सकता है। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण तनाव बढ़ सकता है। रूपए पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, अन्यथा धन फंस सकता है। नया बिजनस शुरू करना चाहते हैं तो आज का दिन अच्छा रहेगा। दुकानदार पूरे दिन व्यस्त रहेंगे।

### वृषभ
आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत होगी। नौकरी पेशा जातकों को अधिकारियों का साथ मिलने से समय पर कार्य पूरा करेंगे और अपने कामकाज से संतुष्ट रहेंगे। पिताजी की मदद से नई संपत्ति व वाहन खरीदने की इच्छा पूरी होगी।

### तुला
आज आय के नए स्रोत बनेंगे और किसी पुराने निवेश से अच्छा रिटर्न मिलेगा। साझेदारी में बिजनस करने से अच्छा फायदा होगा और आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत होगी। बिजनस करने वालों को वाक्पटुता विशेष सम्मान दिलाएगी। कामकाज में भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

### वृश्चिक
आज आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन, सम्मान, यश व कीर्ति की वृद्धि होगी। रूका हुआ कार्य सिद्ध होगा और प्रियजनों से भेंट होगी। नौकरी पेशा जातकों को कार्यक्षेत्र में वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सेल्स व मार्केटिंग से जुड़े जातकों को अच्छा फायदा होगा और अपने टारगेट पूरा कर पाएंगे।

### मिथुन
आज पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा पूरी होगी। कामकाज में व्यस्तता अधिक रहेगी और व्यर्थ व्यय से बचें। प्रिय एवं महान पुरूषों के दर्शन से मनोबल बढ़ेगा। नौकरी पेशा जातकों को अधिकारियों का साथ मिलेगा और कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### कर्क
आज अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और किसी अन्य बिजनस में निवेश भी करेंगे। आपके द्वारा किए जा रहे कार्यों से मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शीघ्रता व भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर पश्चाताप का कारण बन सकता है।

### धनु
आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा होगा। आज के दिन हर मामले में सावधानी और सतर्कता रखें। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो आपको लाभ होगा। रोजमर्रा के काम से अलग कुछ नए काम आपको करने पड़ सकते हैं। आपको किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है।

### मकर
आज लाभ का दिन है। साझे में किए जाने वाले कार्य में आपको किस्?मत का साथ मिलेगा। आपको व्यापार में काफी लाभ होगा। आज आपको रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें, वरना आपके हाथ से कुछ गलत हो सकता है।

### सिंह
आज राजनीतिक क्षेत्र में अशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति होगी। व्यापारी प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और रूका हुआ कार्य भी संपन्न होगा, जिससे अच्छा लाभ होगा। नौकरी पेशा जातक किसी दूसरी कंपनी में इंटरव्यू के लिए जा सकते हैं। नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी।

### कन्या
आज अटके धन की प्राप्ति होगी और धन संचय करने में सफलता भी मिलेगी। नौकरी पेशा जातक अगर नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे हैं तो आपको शानदार अवसर मिलेंगे। वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। इस राशि के व्यापारी प्रतिद्वंदियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे और किसी अन्य बिजनस में निवेश भी करेंगे।

### कुंभ
आज करियर के मामले में सफलता प्राप्?त होगी। सेहत के प्रति सावधानी रखें और अपने काम पर फोकस करें। खान पान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें। आपके हर कार्य की पूर्ति होगी और मनचाहा लाभ होगा।

### मीन
आज का दिन लाभकारक होगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य से सुलझाएं वरना हड़बड़ाहट में गलत फैसला ले सकते हैं। अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर रामदास अठावले का तंज, कहा-हमेशा नेता प्रतिपक्ष बनकर रहना



**मुंबई, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 19 जून को अपना 54वां जन्मदिन मनाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कांग्रेस और सहयोगी दलों के तमाम नेताओं ने उनको शुभकामनाएं दी। राहुल गांधी ने भी उनका शुक्रिया अदा किया। शुभकामना देने वालों में केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रामदास अठाले भी शामिल हैं। हालांकि, उन्होंने जिस अंदाज में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं, इसकी उम्मीद कोई कांग्रेसी कार्यकर्ता कभी नहीं कर सकता है। अठावले ने तंज भरे लहजे में राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राहुल गांधीजी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामना, आप हमेशा विरोधी पक्ष नेता बनकर रहना! आपको बता दें कि उन्होंने संसद में भी एक बार इसी अंदाज में कांग्रेस नेता को शुभकामनाएं दी थी। रामदास अठावले अपनी बेबाकी और चुटीले अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वह संसद में जब भी किसी विषय पर बोलने के लिए खड़े होते हैं तो अपनी काव्य रचनाओं का जमकर इस्तेमाल करते हैं। उनके भाषण पर संसद में खूब ठहाके भी लगते हैं। आपको बता दें कि राहुल गांधी ने बुधवार को जन्मदिन की बधाई देने के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव को धन्यवाद दिया और कहा कि ''यूपी के दो लड़के'' हिंदुस्तान की राजनीति को मोहब्बत की दुकान 'खटाखट खटाखट' बनाएंगे। अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट किया, ''राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।''उनके पोस्ट को फिर से साझा करते हुए राहुल गांधी ने कहा, ''आपकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद अखिलेश यादव जी। 'यूपी के दो लड़के हिंदुस्तान की राजनीति को मोहब्बत की दुकान बनाएंगे - खटाखट खटाखट! राहुल गांधी बुधवार को 54 साल के हो गए और इस मौके पर कांग्रेस तथा गठबंधन के कई घटक दलों के नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई नेताओं को भी उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया।

### रुपौली उपचुनाव में बीमा भारती का समर्थन नहीं करेंगे पप्पू यादव

**पूर्णिया, एजेंसी।** बिहार में पूर्णिया जिले के रुपौली विधानसभा में हो रहे उप चुनाव को लेकर पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि वह किसी परिस्थिति में बीमा भारती का समर्थन नहीं करेंगे। पप्पू यादव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान महागठबंधन प्रत्याशी बीमा भारती को समर्थन देने के सवाल पर कहा कि इस जन्म में क्या अगले सात जन्म तक मैं बीमा भारती का समर्थन नहीं करूंगा। हम तो कांग्रेस पार्टी से भी आग्रह करेंगे कि यदि कांग्रेस उम्मीदवार लड़ता है तो उन्हें मदद करें लेकिन ऐसे लोगों को मदद ना करें इससे कांग्रेस के इमेज पर असर पड़ेगा। पूर्णिया के रुपौली विधानसभा में होने वाले उप चुनाव के लिए महागठबंधन की ओर से राजद ने अपने प्रत्याशी के रूप में एक बार फिर से बीमा भारती को टिकट देकर मैदान में उतारा है। बीमा भारती ने बुधवार को अपना नामांकन पर्चा भी दाखिल कर दिया। अब ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि क्या पप्पू यादव के बगावती तेवर के बावजूद भी बीमा भारती सीट निकाल पाती है या नहीं।

### हाई कोर्ट के जज ने मां-बाप को लगाई फटकार, कहा-बच्चा है कोई खिलौना तो नहीं

**गोवा, एजेंसी।** बच्चे की कस्टडी से जुड़े एक केस की सुनवाई कर रहे उच्चन न्यायालय ने पैरेंट्स को कड़ी फटकार लगाई है। बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच का कहना है कि बच्चे को मां-बाप के खिलौने की तरह नहीं समझा जाना चाहिए। साथ ही कहा है कि बच्चे के हित को सबसे ऊपर रखा जाना चाहिए। कोर्ट ने मां और पिता दोनों को बच्चे की गर्मियों की छुट्टी के दौरान बराबर कस्टडी देने के आदेश दिए हैं। दरअसल, बच्चे की मां की तरफ से उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गई थी, जिसके जरिए फैमिली कोर्ट के 8 मई के आदेश को चुनौती दी गई थी। फैमिली कोर्ट ने पिता को 7 हफ्ते और मां को 5 हफ्ते की कस्टडी दी थी। याचिका पर सुनवाई जस्टिस भरत देशपांडे की बेंच कर रही थी। बार एंड बेंच के मुताबिक, यहां यह ध्यान रखना जरूरी है कि माता-पिता मिलने के अधिकार की भरपाई करने के लिए बच्चे को खिलौने की तरह नहीं समझा जाना चाहिए। बच्चे के साथ इंसान जैसा बर्ताव जरूरी है और सबसे जरूरी बात यह है कि बच्चे के हित को सबसे ऊपर रखा जाना चाहिए। अदालत में 14 जून को आदेश जारी किया था। बच्चे के माता-पिता अमेरिकी नागरिक हैं और उनकी शादी कैलिफोर्निया में हुई थी और बच्चे का जन्म 2019 में पेरिस में हुआ। कुछ समय बाद ही दोनों के बीच रिश्ते तल्ख हुए और पिता बच्चे को लेकर गोवा आ गए। इसके बाद मां भी भारत पहुंची और दोनों ने मिलकर मापुसा में फैमिली कोर्ट का रुख किया। खास बात है कि उच्च न्यायालय ने आदेश में यह भी बताया है कि उसने अक्टूबर 2023 में फैमिली कोर्ट के जून 2023 के एक आदेश का संशोधन किया है।

## सभी जानते हैं कि तिब्बत चीन का हिस्सा कतई नहीं-माइकल मैककॉल



**शिमला, एजेंसी।** अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैककॉल ने बुधवार को कहा कि तिब्बती लोगों को आत्मनिर्णय का अधिकार है। तिब्बतियों की एक अनूठी संस्कृति और धर्म है। उन्हें अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करने में सक्षम होना चाहिए। धर्मशाला में तिब्बतियों के धार्मिक गुरु दलाई लामा से मुलाकात करने वाले अमेरिकी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मैककॉल ने कहा कि यही कारण है कि हम चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) की अवहेलना करते हुए यहां पहुंचे हैं। माइकल मैककॉल ने धर्मशाला स्थित केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) द्वारा आयोजित एक समारोह में कहा कि सीसीपी द्वारा हिंसा किये जाने और दलाई लामा को घर से जबरन निकाले जाने के बावजूद वह (तिब्बती धर्मगुरु) सहिष्णुता, शांति और क्षमा का उपदेश देना जारी रखे हुए हैं। लोकतंत्र में लोग स्वतंत्र होते हैं, जबकि वे (तिब्बती) निरंकुश शासन के तहत गुलाम हैं। मैककॉल ने कहा कि तिब्बती लोगों का एक अलग धर्म, संस्कृति और ऐतिहासिक पहचान है तथा उन्हें अपने भविष्य के बारे में अपनी राय रखने का अधिकार होना चाहिए। आपको अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करने में सक्षम होना चाहिए और यही कारण है कि हम आज सीसीपी की चेतावनी की अवहेलना करते हुए यहां आए हैं। माइकल मैककॉल ने कहा कि हमारे प्रतिनिधिमंडल को सीसीपी से एक पत्र मिला, जिसमें हमें यहां न आने की चेतावनी दी गई थी। उन्होंने अपना झूठा दावा दोहराया कि तिब्बत 13वीं शताब्दी से चीन का हिस्सा है, लेकिन सीसीपी की चेतावनियों से प्रभावित हुए बिना हम आज यहां हैं। दलाई लामा, तिब्बत के लोग और अमेरिका, सभी जानते हैं कि तिब्बत, चीन का हिस्सा कतई नहीं है। मैककॉल ने कहा कि इस यात्रा का समय इससे बेहतर नहीं हो सकता था, क्योंकि पिछले हफ्ते प्रतिनिधि सभा और अमेरिकी कांग्रेस ने तिब्बत (विवाद) समाधान विधेयक पारित किया था। इसमें स्पष्ट किया गया है कि तिब्बत की अपनी अनूठी संस्कृति, भाषा और धर्म है। तिब्बत को आत्मनिर्णय का अधिकार है। आने वाले दिनों में इस विधयेक पर हस्ताक्षर होगा। इस विधेयक में तिब्बत के बारे में सीसीपी के दुष्प्रचार को आक्रामक रूप से चुनौती देने की जरूरत है।

मैककॉल ने कहा कि सीसीपी तिब्बती संस्कृति को खत्म करने और तिब्बती लोगों को जबरन अपने नियंत्रण में लाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। भारतवासियों की दयालुता के कारण ही परम पावन दलाई लामा और उनके लोग यहां स्वतंत्र रूप से रह पाए और मुकदमे के भय के बिना अपने धर्म का पालन कर पाए। मुझे अब भी उम्मीद है कि एक दिन दलाई लामा और उनके लोग शांतिपूर्वक तिब्बत वापस लौटेंगे। दलाई लामा से मिलने और चर्चा करने वाले प्रतिनिधिमंडल में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की पूर्व अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी और सांसद मैरिएनेट मिलर, ग्रेगरी मीक्स, निकोल मैलियोटाकिस, जिम मैकगवर्न और एमी बेरा शामिल थे। मैककॉल ने दलाई लामा को एक उपहार भेंट करते हुए कहा कि आपमें से कई लोगों की तरह, मैं भी चाहता हूं कि यह बैठक आपके गृह देश तिब्बत में हो, लेकिन 65 साल पहले चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) द्वारा तिब्बत पर कब्जा किये जाने और हजारों तिब्बतियों का कत्लेआम करने के बाद आपको भागने पर मजबूर होना पड़ा था।

## धौलपुर के बाद अब बाड़मेर में महिलाओं को 50प्रतिशत आरक्षण का विरोध, युवाओं का प्रदर्शन




**धौलपुर, एजेंसी।** राजस्थान में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के विरोध में युवा सड़क पर उतर आए है। धौलपुर के बाद अब बाड़मेर में युवाओं ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। दरअसल, पिछले दिनों सीएम भजनलाल शर्मा ने ग्रेड थर्ड शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का फैसला कर इसमें संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। आरक्षण करने के विरोध में बाड़मेर के बेरोजगार युवा बुधवार को सडकों पर उतर आए। युवाओं ने रैली निकालकर जिला कलक्ट्रेट पर हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही जिला कलक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शन के दौरान बाड़मेर बेरोजगार युवा संघ के संयोजक देवराम ने कहा कि इस आरक्षण से पुरुष युवाओं का हक मारा जा रहा है। उन्होंने कहा- जब तक जातिगत जनगणना नहीं हो, तब तक आरक्षण में किसी तरह का फेरबदल नहीं किया जाए। दरअसल, पिछले दिनों सीएम भजनलाल शर्मा ने ग्रेड थर्ड शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का फैसला कर इसमें संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। इस फैसले को लेकर सरकार का उद्देश्य महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। सीएम ने इस फैसले की घोषणा नई भर्ती से पहले की है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में ग्रेड थर्ड टीचर के करीब 27 हजार पद खाली हैं। ऐसा माना जा रहा है कि आने वाले बजट में भजनलाल सरकार इन पदों पर भर्ती की घोषणा कर सकती है। नई भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। जिससे अधिक महिलाएं भर्ती में चयनित हो सकेंगी।

## धर्मांतरण पर नया कानून बनाएगी राजस्थान सरकार, सुप्रीम कोर्ट में दायर किया हलफनामा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भजनलाल सरकार ने धर्मांतरण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा है कि मौजूदा समय में उसके पास धर्म परिवर्तन के संबंध में कोई विशेष कानून नहीं है और उनकी इस संबंध में नया कानून बनाए जाने की योजना है। देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार के एएजी शिवमंगल शर्मा ने बताया कि हलफनामे में कहा है कि प्रदेश में फिलहाल एक धर्म से दूसरे धर्म में धर्म परिवर्तन के संबंध में कोई विशिष्ट कानून नहीं है। हालांकि, राज्य सरकार इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट से जारी दिशा-निर्देशों का पालन कर सख्ती से कर रही है और अब खुद का कानून लाने की प्रक्रिया में है। हलफनामे में राज्य में विशिष्ट कानून लागू होने तक इस मामले पर मौजूदा न्यायिक दिशा-निर्देशों और केंद्रीय निर्देशों का पालन करने की राजस्थान की प्रतिबद्धता पर भी चर्चा की गई है। अश्विनी उपाध्याय ने वर्ष 2022 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें केंद्र और राज्यों को धोखाधड़ी से धर्म परिवर्तन और डराने, धमकाने, उपहार और मौद्रिक लाभों के माध्यम से धोखे से धर्म परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2022 में याचिका पर सुनवाई करते हुए केन्द्र सरकार से जवाब मांगा और कहा था कि यदि जबरन धर्म परिवर्तन की बात सच है तो यह गंभीर मुद्दा है।

## कांग्रेस ने एमपी, छत्तीसगढ़, ओडिशा, दिल्ली आदि राज्यों में हार की पड़ताल की शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में देश के कई राज्यों में कांग्रेस को जबरदस्त हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश आदि राज्य तो ऐसे हैं, जहां कांग्रेस का खाता तक नहीं खुल सका। यही कारण है कि कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक व तेलंगाना जैसे राज्यों में मिली हार का कारण ढूंढना शुरू कर दिया है। इन राज्यों में मिली हार के कारण ढूंढने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अलग-अलग फैक्ट फाइंडिंग कमेटियों का गठन किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कुल 6 फैक्ट फाइंडिंग कमेटियों के गठन को मंजूरी दी है। ये सभी कमेटियां इन राज्यों में हार के कारणों का पता लगाएंगी। इस प्रक्रिया में स्थानीय कांग्रेस नेताओं से भी उनकी राय ली जाएगी। सभी से बात करने के उपरांत हार के कारणों की रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष को सौंपी जाएगी। मध्य प्रदेश में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी यहां लोकसभा की सभी 29 सीटों पर चुनाव हार गई। यहां हार के कारण जानने के लिए तीन सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चौहान, सप्तगिरि उलका और जगदीश मेवानी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में मिली हार के कारणों का पता लगाने के लिए वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी



को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ओडिशा में भी कांग्रेस चुनाव बुरी तरह हार गई। यहां हार के कारणों का पता लगाने की जिम्मेदारी अजय माकन और तारिक अनवर को सौंपी गई है। तीन और राज्य ऐसे हैं, जहां कांग्रेस पार्टी का खाता भी नहीं खुल पाया। इनमें दिल्ली, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। इन तीनों राज्यों के लिए भी एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पीएल पुनिया और रजनी पाटिल शामिल हैं। कांग्रेस के नेता इन राज्यों में हार के कारणों का पता लगाकर आलाकमान को रिपोर्ट सौंपेंगे। कर्नाटक में भी कांग्रेस पार्टी को उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं मिल पाए, यही कारण है कि यहां हुई हार के लिए भी तीन सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में मधुसूदन मिस्त्री, गौरव गोगोई और हीबी ईडन शामिल हैं। वहीं, तेलंगाना में पीजे कुरियन, रकिबुल हुसैन और प्रगट सिंह की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी उम्मीद के मुताबिक नतीजे न मिलने के कारणों का पता लगाएगी। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को केवल 99 सीटें ही मिल सकी थी। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के इंडिया गठबंधन को कुल 234 सीटें मिली हैं। चुनाव नतीजों से पहले कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन को 295 सीटें मिलने का अनुमान लगाया था। कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए रोडमैप बनाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है। कांग्रेस अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी में भी जुट जाना चाहती है। यही कारण है कि पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने प्रत्येक विधानसभावार प्रभारी नियुक्त करने का सुझाव दिया है।

## गिर जाएगी मोदी सरकार, चैलेंज देकर बरसे उद्धव ठाकरे, शिंदे ने किया पलटवार

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना के स्थापना दिवस के मौके पर उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे ने मुंबई के दो इलाकों में समानांतर कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक दूसरे पर खूब हमले किए। जनता के समर्थन से उत्साहित उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली चुनौती दे दी। उद्धव ठाकरे ने इस साल के अंत में होने वाले चुनाव की ओर इशारा करते हुए कहा, मोदी जी, मैं आपको महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार शुरू करने के लिए आमंत्रित करता हूं... यह आप बनाम मैं होगा।

**संभावित सुलह से जुड़ी अटकलों पर विराम :** उन्होंने शिवसेना के दो गुटों के हाथ मिलाने और एनडीए में जाने की अटकलों को भी खारिज कर दिया। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि वह उन लोगों के साथ कभी नहीं जाएंगे जिन्होंने उनकी पार्टी को खत्म करने की कोशिश की। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ संभावित सुलह से जुड़ी अटकलों पर विराम लग गया। ठाकरे ने



शिवसेना के 58वें स्थापना दिवस पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नौ जून को सत्ता में आई नरेंद्र मोदी सरकार गिर जाएगी और उसकी जगह 'इंडिया' गठबंधन नीत सरकार सत्ता संभालेगी। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन पर पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी (भाजपा) यह खबर फैलाकर अपनी नाकामी छिपाने की कोशिश कर रही है कि शिवसेना (यूबीटी) सत्तारूढ़ राजग में शामिल हो जाएगी। विधान परिषद की 11 सीटों के लिए कोई चुनाव नहीं होना चाहिए-उद्धव ठाकरे ने भाजपा के साथ फिर से गठबंधन करने की अटकलों के संबंध में कहा, हम उन लोगों के साथ कभी नहीं जाएंगे जिन्होंने शिवसेना को खत्म करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि जब तक उच्चतम न्यायालय निचले सदन के कुछ सदस्यों से संबंधित अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता, विधान परिषद की 11 सीटों के लिए कोई चुनाव नहीं होना चाहिए। विधान परिषद की 11 सीटों के लिए 12 जुलाई को चुनाव होने हैं। इस चुनाव में विधायक मतदान करेंगे। ठाकरे ने भाजपा पर हिंदुत्व को त्यागने का आरोप लगाया और सवाल किया कि क्या राष्ट्रीय पार्टी का क्षेत्रीय दलों तेदेपा और जद (यू) के साथ गठबंधन स्वाभाविक है। शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष ठाकरे ने भाजपा के हिंदुत्व को प्रतिगामी करार दिया और अपनी पार्टी के हिंदुत्व को प्रगतिशील बताया। वहीं दूसरे ओर एकनाथ शिंदे ने भी कार्यक्रम में ठाकरे पर जोरदार हमला किया। एकनाथ शिंदे ने कहा कि आपका (उद्धव ठाकरे का) हिंदुत्व कहां चला गया।

## कम से कम 100 पर चुनाव लड़ने का मौका मिलना चाहिए : रामदास कदम

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजे भाजपा की उम्मीदों के विपरीत रहे हैं। इसे लेकर मंथन का दौर जारी है और अजित पवार की एनसीपी के साथ तनाव की स्थिति बन गई है। इस बीच विधानसभा चुनाव भी 4 महीने के अंदर ही होने हैं और उसके लिए भी दबाव की राजनीति शुरू हो गई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने विधानसभा चुनवा में अपनी पार्टी के लिए 100 सीटों की मांग रख दी है। पार्टी के सीनियर लीडर रामदास कदम ने कहा कि उनकी पार्टी को राज्य विधानसभा की 288 सीट में से कम से कम 100 पर चुनाव लड़ने का मौका मिलना चाहिए।

शिवसेना एनडीए गठबंधन का हिस्सा है, जिसमें भाजपा और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) भी शामिल है। राज्य में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। पूर्व मंत्री रामदास कदम ने बुधवार को शिंदे गुट द्वारा आयोजित अविभाजित शिवसेना के 58वें स्थापना दिवस के मौके पर कहा, 'हमें लड़ने के लिए 100 सीट मिलनी चाहिए और हम उनमें से 90 पर जीत सुनिश्चित करेंगे।' वहीं महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और एनसीपी नेता छगन भुजबल ने भी हाल ही में कहा था कि उनकी पार्टी को राज्य विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए 80 से 90 सीट मिलनी चाहिए। एनसीपी ने भी रखी थी डिमांड, जिस पर बोले थे देवेंद्र फडणवीस एनसीपी के



दावे पर तो देवेंद्र फडणवीस ने जवाब भी दिया था और कहा था कि राज्य में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है और राज्य में होने वाले चुनाव में ज्यादा सीट पर चुनाव लड़ेगी। फडणवीस ने हालांकि यह भी कहा कि तीनों दलों के नेताओं की बैठक और चर्चा के बाद ही सीट बंटवारे पर कोई अंतिम निर्णय लिया जाएगा। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा को महज 9 सीटें मिलने के बाद उसकी स्थिति गठबंधन में कमजोर होगी। उसे साथी दलों का दबाव झेलना पड़ सकता है। हालांकि एक चर्चा यह भी जोर पकड़ रही है कि भाजपा अजित पवार की एनसीपी का साथ छोड़कर चुनाव में उतर सकती है। एकनाथ शिंदे गुट का प्रदर्शन अच्छा था।

## कार्यकर्ता पार्टी की ताकत, तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार- सीएम सैनी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की ताकत और रीढ़ है। कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए सैनी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मोदी और डबल इंजन सरकार की योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाएं और कांग्रेस ने जो भ्रम जनता के बीच फैलाया उसे खत्म करने का काम करें। बुधवार को नायब सैनी जींद में त्रिदेव सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा की सरकार हर दिन लोक कल्याण के काम कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने काफी मेहनत की है जिसके परिणाम स्वरूप केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता दिन और रात ना देखें और कड़ी मेहनत करें। सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता और पदाधिकारी सभी बूथ को और अधिक मजबूत करने के काम में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र को आत्मसात करते हुए कार्यकर्ता बूथ जीतने में पूरी ताकत लगा दें। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए नायब




सैनी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता बिना रूके और बिना थके लगातार देशहित में काम करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो देशहित को प्रथम रखते हुए काम करती है। श्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 सालों में देश के गौरव को बढ़ाया। विश्व के देशों में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र के सरलीकरण पर तेजी से काम कर रही है। गरीबों और जनता की सेवा करना ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं लोगों के पास जाएं और उनको सरकारी योजनाओं को दिलाने में सहायता करें। सैनी ने कहा कि कांग्रेस लगातार झूठ के सहारे वोट बटोरती रही है। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने 8500 रुपये का लालच दिया और जनता को संविधान खत्म के भ्रम में डाला। सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता लोगों को जाकर बताएं कि कांग्रेस झूठी पार्टी है और झूठ बोलकर ही वोट लेती है। इस मौके पर सांसद कृष्ण लाल पंवार, विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा, जिला अध्यक्ष राजू मोर, चेयरमैन कर्मबीर सैनी, विजयपाल एडवोकेट, पूर्व मंत्री बच्चन सिंह आर्य, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# करोड़ो का घोटाला करने वाले जिला सहकारी बैंक के अधिकारी कर्मचारियो पर आठ माह बीत जाने के बावजूद नही हो रही कार्यवाही

## ग्राहको का पैसा अपने लोगो के खातो मे डालकर किया गया था फर्जीवाड़ा

**पन्ना।** जिला सहकारी के केंद्रीय बैंक (मर्यादित) पन्ना में वर्ष 2017 से 2023 के बीच तात्कालीन महाप्रबंधक मानवेंद्र सिंह, लिपिक अनुपमा सिंह, पुस्पेंद्र बुंदेला, लेखापाल राजेश कोरी, अंजली असाटी द्वारा अपनी आईडी से बीजीएल अकाउंट से कई करोड़ की राशि अपने परिजनों और अन्य खातों में स्थानांतरित कर गबन का मामला सामने आया था। जिसकी लिखित शिकायत उपरांत जिला महाप्रबंधक एस के कनौजिया द्वारा 18/09/2023 को पत्र क्रमांक 1153 जारी कर अमित श्रीवास्तव और इलियास खान के नेत्रत्व में जांच टीम गठित की गई थी तथा टीम द्वारा संपूर्ण मामले की जांच कर दोषियो के खिलाफ प्रतिवेदन सौप दिया गया था। गौरतलब है कि उक्त पांच सदस्यीय टीम ने दोषी रहें महाप्रबंधक मानवेन्द्र सिंह को ही शामिल किया गया था। जबकी जो व्यक्ति स्वंय दोषी है उसको ही जांच टीम मे शामिल किया जायेगा तो निश्पक्ष जांच कैसे होगी। उसके बाद जांच टीम पर प्रश्न खड़े होने पर मानवेन्द्र सिंह को हटा दिया गया था। शिकायत के 8 माह बीत जाने के बाद भी जांच




का पूर्ण न हो पाना अपने आप में जिला महाप्रबंधक की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। लगातार शिकायतों के बाद जिला महाप्रबंधक जो की सरकारी राशि के गबन में फसे कर्मचारियों को बचाने की कवायद में जुटे है उनके द्वारा जारी एक नोटिस (जिसमे अनाधिकृत रूप से आहरित राशि को जमा करने के आदेश दिये गये थें) उसके बाद संबंधितो द्वारा कुछ राशि जमा भी की गई। जिससे यह स्पष्ट हो गया कि उक्त दोषीयो द्वारा गवन किया गया है और यह पूर्ण सबूत माना जाना चाहीए। गबन कैसे हुआ जिला सहकारी बैंक(मर्यादित) में एक डाटा रजिस्टर होता है जिसे बीजीएल अकाउंट के नाम से जाना जाता है जिसमे बैंक में आने वाली राशि और आहरित राशि (मय विवरण के दर्ज की जाती है। इसमें राशि का आहरण बैंक में पदस्थ लिपिक द्वारा बाउचर भर के लेखपाल द्वारा पास कराया जाता है और राशि बाउचर के आधार पर एनईएफटी/ आरटीजीएस/ ट्रांसफर के माध्यम संबंधित खाते में स्थानांतरित हो जाती है जिसपर लेखा प्रबंधक द्वारा वेरिफिकेशन किया जाता है की उक्त राशि का आहरण सही जगह हुआ है या नही। इसी दौरान लिपिक, लेखापाल और लेखाप्रबंधक की मिली भगत से राशि को अपने परिचित, स्वजनों के। खाते में डाल कर गबन किया गया था। गबन का मास्टरमाइंड कौन सूत्रों की माने तो तात्कालिक लेखा प्रबंधक द्वारा साजिशन लिपिक और लेखापाल के साथ मिलकर लगभग कई करोड़ की हेराफेरी कर दी है लेकिन 2017 से 2023 के बीच हुआ ये गबन जमींदोज रहा। क्योकी मानवेंद्र सिंह गवन करने वाले टीम मे मानवेन्द्र सिंह भी शामिल रहें। जो बाद मे स्वंय महा प्रबंधक बन गये थें। वही सूत्रो की माने तो एक लेखापाल द्वारा बकायदा अपनी आईडी से हुए इस गबन के संबंध में एक पत्र लिखकर उस दौरान हुए इस गबन की जानकारी दी गई थी और और ये उल्लेख किया गया था की जब राशि का आहरण हुआ उस दौरान उक्त लेखापाल अवकाश पर था। अगर ऐसा था तो जांच उस समय क्यों नहीं हुई?।

बीजीएल खातों से हुए इस घोटाले में जांच की कछुआ चाल वर्तमान जिला महाप्रबंधक एस के कनौजिया के बेदाग क्षवि और शाख पर बट्टा लगाते दिख रही है। वैसे भी सहकारिता विभाग अपने घोटालों और अनियमितताओं के लिए हमेशा सुर्खिया बटोरता रहा है। फिलहाल तो जिला महाप्रबंधक द्वारा घोटालेबाजों को रकम जमा करने के आदेश से तो यही परिलक्षित होता है की चोरी करिए उपयोग करिए उपभोग करिए और जब राज खुल जाए तो राशि जमा कर सारे पापों से मुक्त हो लीजिए। अब तो ये हाल है की जांच जैसी चले, चले लेकिन किसी भी तरह से बैंक के अंदर की जानकारी बाहर न जाए ताकि लापरवाहों को बचाया जा सके। ज्ञात हो कि जब यह मामला पूरी तरह से साफ हो गया है कि बीजीएल की करोडो की राशि उक्त लोगो द्वारा गवन की गई है तो महाप्रबंधक को तत्काल संबंधितो के खिलाफ आपराधिक प्रकरण पुलिस मे दर्ज कराने मे देरी नही करनी चाहीए। लेकिन महाप्रबंधक क्यो देरी कर रहे है यह भी एक जांच का विषय बना हुआ है। लेकिन महाप्रबंधक जी यह नही बता पा रहे है, आठ माह जांच को हो गये अभी तक क्या कार्यवाही हूँ तथा पत्रकार वार्ता मे क्या जानकारी दी गई थी, यह भी स्पष्ट नही कर पाये है, उनके द्वारा गोल मोल जवाब दिया गया है।

### इनका क्या कहना है

मेरे द्वारा कुछ दिन पूर्व उक्त मामले को लेकर पत्रकार वार्ता के माध्यम से जानकारी दी गई है, संबंधितो पर कार्यवाही होगी।

**एस के कनौजिया**
**महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक मर्यादित पन्ना**

# बूंद बूंद पानी के लिए परेशान है लोग जल जीवन मिशन योजना कागजो पर

## कार्यपालन यंत्री महेन्द्र सिंह की कार्य प्रणाली निष्क्रिय

**पन्ना।** पन्ना जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन योजना से निर्मित कराईं गई नल जल योजनाए सिर्फ दिखावा साबित हो रही है। करोड़ों का बजट होने के वावजूद ग्रामीणों के घरों में लगी नल की टोटियों से पानी नहीं निकलता है। पानी' जल जीवन मिशन का ग्रामीणों जनो को न मिलने की शिकायतों पर ज़िम्मेदार अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहा। जल ही जीवन है मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों में नल घर-घर नल की टोंटी तो लगी है लेकिन पानी ना मिलने से इस भीषण गर्मी में पानी की व्यवस्था के लिए लोगों को भटकने की मजबूरी बनी हुई है। ज्ञात हो की शासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का हाल पन्ना जिले में काम प्रारंभ होने के साथ ही बेहाल बना हुआ है। निर्माण कार्य शुरू होते ही ठेकेदारों में घटिया निर्माण करने की होड़ मच जाती है जिसको लेकर लगातार शिकायत होती रही फिर भी गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया गया। अनेक स्थानों पर ठेकेदारों द्वारा पाइप डालने एवं नल का कनेक्शन करने में भी आधा-अधुरा कार्य किया गया है।

पीएचई विभाग के अधिकारियों से सांठ-गांठ बनाकर ठेकेदारों द्वारा मूल्यांकन करते हुए भुगतान भी आहरित कर लिया गया है। जिले के जिन ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी बन चुकी दो दो बार पाइप लाइन डल चुकी और घरों मे नल कनेक्शन हो चुके। वहा अब पानी मिलने सबसे बड़ी बाधा पानी की सप्लाई न होना है ग्रामीणों का कहना है कि जहां नल जल योजना से पानी की पाइप लाइन का निर्माण कार्य किया गया और घर में पानी की टोंटी लगाई गई वहां पानी के ही दर्शन नहीं हो रहे हैं। नल की टोटियों से पानी ना मिलने से ग्रामीण पानी की भटकने के लिये मजबूर है। इन्ही समस्याओं के बीच यह योजना फसी हुई है तथा आम जन परेशान है। वहीं दूसरी ओर अधिकारी कर्मचारी मालामाल हो रहे है। पीएचई विभाग मे पांच वर्ष से पदस्थ कार्यपालन यंत्री महेन्द्र सिंह शासकीय वाहन का दुरपयोग सतना जाने के लिए करते है। कभी भी क्षेत्र का भ्रमण नही करतें और न ही चल रही योजनओ का जायजा लेते है। सिर्फ कमीशन लेकर आफिस मे एशो आराम कर रहे है। अनेको बार शिकातये होने के बावजूद श्री सिंह का स्थानान्तरण भी नही किया जा रहा है। क्योकि वह राजनैतिक जन प्रतिनिधियों से जुडें हुए है।

# सद्गुरु कबीर साहेब के प्रकाटोत्सव के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय कोरी समाज द्वारा किया जायेगा वृक्षारोपण

**पन्ना।** सद्गुरु कबीर साहेब के प्रकाटोत्सव के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय कोरी समाज द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय कोरी समाज के जिलाध्यक्ष डालचंद कोरी ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब जी प्रकाटोत्सव उपलक्ष्य में सद्गुरु कबीर आश्रम ग्राम पड़रिया कला तहसील पवई जिला पन्ना में 22 जून को वृक्षारोपण किया जावेगा। जिसमें समाज पदाधिकारियों एवं कबीर बंधुओं से कार्यक्रम मे शामिल होने का अनुरोध किया गया है। उक्त कार्यक्रम सुबह 11 बजे से किया जायेगा।

# गौ वंश तस्करी एवं अवैध वसूली के खिलाफ बजरंग दल का धरना प्रदर्शन जारी



**पन्ना।** विगत दिवस बजरंग दल कार्यकर्ताओ ने गौ वंश की तस्करी एवं अवैध वसूली का भंडाफोड़ किया था। जिसमे सामने आया था कि नगर परिषद अजयगढ़ के कर्मचारीयो द्वारा रसीद काटकर अवैध वसूली की जा रही है। जिसमें नगर परिषद की भूमिका पर सवाल उठाये गये थे तथा संबंधित मामले की शिकायत कार्यकर्ताओ द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी अजयगढ को दी गई थी तथा दोषीयो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग भी की गई थी। इसके बावजूद कोई कार्यवाही न किये जाने पर बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने गौवंश की तस्करी करने वालो एवं अवैध वसूली करने वालो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई थी। कार्यवाही न होने पर बजरंगदल के कार्यकर्ता, नगर परिषद अजयगढ के बाहर धरना पर बैठे गयें है तथा कार्यवाही की मांग कर रहें है।

# मुआवजा को लेकर किसानो ने किया प्रदर्शन, बिना मुआवजा दिये ठेकेदार का कार्य प्रारंभ

**पन्ना।** पवई से नागौद राष्ट्रीय राज्यमार्ग 943 का बाई पास सड़क मार्ग दतुनहा से सलेहा बनाया जा रहा है। जहां किसानों की जमीनें अधिग्रहण की गई थी। लेकिन गाइड़ लाइन के अनुसार मुआवजा राशि नही बनाई गई है। जब की बाईं पास का कार्य चालू कर दिया गया है। जब की नयागांव कटरा की उक्त जमीन प्लाटिंग की गाइड़ लाइन में जुड़ चुकी है। उक्त बाई पास इस राष्ट्रीय राज्यमार्ग में नयागांव कटरा के ज्यादातर किसानों की जमीनें प्रभावित हुई है। जिसमें किसानों को अधिग्रहण के अनुसार मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। किसानों का अरोप है अधिग्रहण के बाद कुछ किसानों को नोटिस जारी किए गए



थे जिसमें अधिग्रहण की गई जमीन का रकवा खसरा नंबर एवं मुआवजा राशि जो दरसाई गई थी मगर किसानों में आक्रोश व्यक्त करते हुए सड़क मार्ग का निर्माण कार्य को अवैध बताया है। किसानों का कहना है कि मुआवजा राशि असिंचित की बनाई गई है। जबकी हमारी जमीन सिंचिंत है, तथा जमीन पर पेड़ पौधे, कुंआ आदि बना हुआ है। उक्त सभी चीजो का अलग अलग मुआवजा बनाया जाना चाहीए। रामजी चौरसिया की जमींन का 20 आरे अधिग्रहण का नोटिस जारी किया गया था। हितग्राही को दो लाख 91 हजार राशि मिली है जब की जमींन दो एकड़ से अधिक है और पूरी जमीन पर सड़क निर्माण मिट्टी डालकर कार्य किया गया है। जिसको लेकर आवेदक ने एसडीएम गुनौर से आवेदन देकर अपनी शेष बची 64 आरे जमीन का मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। इसी तरह कुसुम बाई मुन्ना पार्वती के नाम से संयुक्त खाते की जमींन 18 आरे अधिग्रहण की गई है जब की उक्त जमीन का मुआवजा राशि नहीं दी गई है। किसानों ने अधिग्रहण से अधिक जमीन पर निर्माण कार्य बताया है अशोक चौरसिया का अधिग्रहण का नोटिस 19 आरे का मिला है उक्त जमीन पर कुआं है जमीन सिंचित है पर असिंचित भूमि दर्शाई गई है। मीना कुशवाहा निवासी कटरा को मुआवजा राशि नहीं मिली है अतुल कुशवाहा का कहना है की अधिग्रहण नोटिस से ज्यादा श्रेत्रफल में निर्माण किया जा रहा है वहीं जगदीश चौरसिया की तार बाउंड्री वाली जमीन पर लगे खम्भा को बगैर सूचना के तोड़ दिये गए बाबू लाल कुशवाह की जमीन प्रभावित हुई है इसी तरह बाई पास सड़क पर नत्थू रजक राजेश रजक कि जमीन पर अधिग्रहण जमींन पर कुआं एवं कच्चा मकान है पर कुआं एवं मकान का मुआवजा राशि नहीं मिली है उक्त जमीन का असिंचिंत का मुआवजा दर्शाया गया है। उक्त किसानो ने जिला कलेक्टर तथा वरिष्ट अधिकारीयो से जमीनो का सही मुल्यांकन कराकर मुआवजा राशि दिलाये जाने की मांग की है।

# दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**पन्ना।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस क्रम में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गत 14 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का पूर्वाभ्यास भी किया गया। इस अवसर पर आयुष विभाग, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. आर.के. वर्मा ने बताया कि योग स्वास्थ्य लाभ के साथ सुव्यवस्थित दिनचर्या का बेहतर माध्यम भी है। इसलिए लोगों को योग को अपनी



दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि योग का अर्थ है जोड़ना अर्थात योग बाहरी शरीर को अंत: मन से जोड़ता है। योग के आठ अंग हैं यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारण, ध्यान, समाधि। व्यवहारिक जीवन में आसन व प्राणायाम द्वारा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। योग शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक सभी पहलुओं पर काम करता है। विभिन्न योगासनों द्वारा कई शारीरिक व मानसिक बीमारियों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, उदरविकार, वातविकार, मनोविकार और भी अन्य विकारों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। योग: कर्मस्तु कौशलम् योग हमारे कर्मों में कुशलता, आत्मनिर्भरता एवं स्वाभिमान बढ़ाता है। उन्होंने आम नागरिकों से योग दिवस पर आयोजित होने वाले योग दिवस के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

# डॉ. अम्बेडकर चिकित्सा सहायता योजना के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में स्थापित स्वायत्त संगठन डॉ. अम्बेडकर फाउंडेशन द्वारा डॉ. अम्बेडकर चिकित्सा सहायता योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत वार्षिक आय तीन लाख रूपए से कम होने पर अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की जाती है। इसमें गंभीर बीमारियां जैसे लीवर की बीमारी, कैंसर, मस्तिष्क संबंधी बीमारी, अंग प्रत्यारोपण, रीढ़ की हड्डी संबंधी और अन्य गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को लाभ प्रदान किया जाता है।

# अतिथि शिक्षकों की लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान किया जाये: रामवीर तिवारी

**पन्ना।** अतिथि शिक्षकों की लंबित मानदेय के शीघ्र भुगतान को लेकर पन्ना कांग्रेस कमेटी के जिला प्रवक्ता रामवीर तिवारी ने मुख्यमंत्री से मांग की है। श्री तिवारी ने कहा है भाजपा सरकार में अतिथि शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहा है, उन्हें पूरे 12 महीने मानदेय देने का वादा किया था किंतु सही समय पर वेतन तक सरकार नहीं दे पा रही है। पन्ना जिले में अतिथि शिक्षक नियमित शिक्षकों की भांति संपूर्ण समर्पण भाव से जिले के प्राथमिक,



माध्यमिक, हाईस्कूलों एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में कार्य कर रहे हैं, लेकिन अतिथि शिक्षकों का मार्च एवं अप्रैल माह से मानदेय अभी तक लंबित है। श्री तिवारी ने अतिथि शिक्षको को नियमित शिक्षकों की भांति प्रति माह मानदेय भुगतान करने की अपील भी सरकार से की है। कांग्रेस प्रवक्ता श्री तिवारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने अतिथि शिक्षकों को प्रत्येक माह समय से दुगना मानदेय, पूरे सत्र कार्य एवं विभागीय परीक्षा लेकर भर्ती का वादा किया था किंतु फिर से सरकार बनते ही किये गये वादे जुमले साबित हो रहें है।

# तहसीलदार द्वारा नही कराया जा रहा शासकीय कन्या विद्यालय का सीमांकन, शिक्षक का आवेदन लौटाया

**पन्ना।** रैपुरा शासकीय कन्या हाई स्कूल की जमीन पर कई वर्षो से कब्जा है। जिसका विवाद पिछले वर्ष भी चलता रहा। कुम्हारगढ़ा की जमीन को लेकर एक पक्ष ने अपना दावा किया था। तब सीमांकन के लिए स्कूल ने आवेदन किया था तो वहां मौजूद टीम ने कुछ हिस्से का ही सीमांकन किया और यह कहते हुए मना कर दिया था कि जमीन के एक हिस्से में पानी भरा है हम वहां नही जा सकते। इस दौरान कई ग्रामीण मौजूद थे। तब एसडीएम शाहनगर ने पहुंच कर मामले को शांत कराया था। एवं अवैध कब्जा करने वालों पर कार्यवाही की बात कही थी। परंतु कार्यवाही आज तक नही हुई। ज्ञात हो कि उस समय स्कूल के पास दस्तावेज नहीं थे, जबकी वर्तमान मे विद्यालय द्वारा शासकीय कार्यालयो से सभी दस्तावेज एकत्रित कर लिये है। उसके बावजूद तहसीलदार द्वारा सीमांकन नही कराया जा रहा है। जिससे स्कूल प्रबंधन तथा अभीभावक एवं छात्राए परेशान है। पन्ना जिले का प्रशासन नाकारा साबित हो रहा है। क्योकि सरकार की ही जमीन को प्रशासन द्वारा अवैध कब्जा धारियो से मुक्त नही करा पा रहा है। ज्ञात हो कि संबंधित जमीन का तहसीलदार को सीमांकन कराकर कार्यवाही करना चाहीए, लेकिन तहसीलदार उल्टा अवैध कब्जा धारियो का पक्ष कर रहें है। स्थानीय लोगो ने संबंधित मामले की जांच कराने तथा कार्यवाही करने की मांग की है।

# बाल श्रम अधिनियम अंतर्गत हुई कार्यशाला

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत गठित जिला टॉस्क फोर्स समिति की बैठक एवं कार्यशाला आयोजित की गई। जिला स्तरीय बंधक श्रम सतर्कता समिति की बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय एवं अन्य सदस्यगण भी उपस्थित रहे। इस मौके पर अधिनियम 1986 और बंधक श्रम प्रथा (समाप्ति) अधिनियम 1976 के प्रावधानों के बारे में अवगत कराया गया। बताया गया कि अधिनियम के तहत किसी भी नियोजक द्वारा 14 वर्ष तक के बच्चों को किसी भी प्रकार के नियोजन में नियोजित करने पर तथा 14 से 18 वर्ष तक के किशोरों को खतरनाक प्रक्रियाओं में नियोजित करने पर 20 से 50 हजार रूपए तक का जुर्माना या दो वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है।

# अड़ीबाजी के अलग-अलग मामलों में पकड़े गए 2 फरार आरोपी

**सतना**

कोलगवां पुलिस ने नाबालिग का रास्ता रोककर शराब के लिए पैसे मांगने के प्रकरण में दो सप्ताह से फरार चल रहे आरोपी आशीष उर्फ आशिक पुत्र स्वर्गीय अशोक कुमार गंगवानी 32 वर्ष, निवासी पुरस्वानी मोहल्ला सिंधी कैम्प को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में हिस्ट्री शीटर दिनेश यादव उर्फ दिन्नू, निवासी बांधवगढ़ कालोनी को पूर्व में ही सलाखों के पीछे पहुंचाया जा चुका है।

गौरतलब है कि बीते 2 जून को आरोपियों ने 15 वर्षीय नाबालिग से गाली-गलौज कर शराब पीने के पैसे मांगे और मारपीट की थी, जिसमें धारा 294, 323, 327, 506 और 34 के तहत कायमी की गई थी। वहीं कोलगवां थाना क्षेत्र में ही 23 मई 2024 को बिरला रोड पर 17 वर्षीय नाबालिग और उसके दोस्त का रास्ता रोककर शराब के लिए पैसे मांगने और मारपीट करने के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी पवन उर्फ ऋषभ पुत्र संतोष उर्फ लाला सोनी 20 वर्ष, निवासी हनुमान नगर नई बस्ती को भी मंगलवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया गया। उसका साथी अमित सोनी पूर्व में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है, जबकि एक अन्य अब भी फरार चल रहा है।

# ईंटो से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी

**पन्ना।** जिला मुख्यालय के पन्ना अमानगंज रोड पर मनपहरा की घाटी मे ट्रैक्टर, ट्राली अनियंत्रित हो कर पलट गया। जिसमें दो लोगो की मौके पर मौत, तथा छह लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि उक्त ईंटो से भरे ट्रैक्टर मे आठ सवार थें जिसमे भावना सोनकर 36 वर्ष तथा अंकित खरे की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा प्रतिक्षा सोनकर, मूलचन्द्र सोनकर, ईशा सोनकर, मिथलेश सोनकर, रणवीर गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे डॉयल हन्ड्रैड तथा एम्बूलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय लाया गया है। जहां पर घायलो का ईलाज चल रहा है। बताया जाता है कि उक्त सभी लोग छतरपुर जिले के नौगांव तहसील अन्तर्गत बिलहरी ग्राम के निवासी है।

# ग्राम पंचायत बड़ौर में ससुर चला रहे पंचायत, सरपंच का अता पता नही

**पन्ना**

जहां एक ओर प्रदेश सरकार द्वारा नगरीय तथा ग्रामीण संस्थाओ मे बराबर का दर्जा देकर पचास प्रतिशत आरक्षण महिलाओ को दिया गया था। सिसे महिलाए शसक्त हो कर संस्थाओ का संचालन कर सकें। लेकिन आज भी उन्हे अवसर नहीं दिया जा रहा है तथा पुरूषो द्वारा संस्थाओ का संचालन किया जा रहा है। इसी प्रकार का मामला पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत बडौर का प्रकाश मे आया है। जहां पर ग्राम पंचायत की सरपंच अल्पना बाई गोड़ है लेकिन पंचायत का संचालन उनके ससुर धन प्रसाद द्वारा किया जा रहा है। बताया जाता है कि उक्त ग्राम



पंचायत क्षेत्र मे अधिकांश गरीब आदिवासी लोग रहते है। ग्राम वासीयो की समस्याओ तथा शासन की योजनाओ का लाभ नही दिलाया जा रहा है एवं धन प्रसाद द्वारा दबंगी दिखाई जाती है। ग्रामीणो ने यह भी आरोप लगाया कि महिला सरपंच पन्ना मे निवास करती है तथा ग्राम पंचायत मुख्यालय मे वह नही मिलती है। स्थानीय लोगो ने कार्यवाही की मांग की है।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने रीवा प्रवास के दौरान प्रातः काल विक्रम पुल से निपनिया वाया घोघर पहुंच मार्ग तथा रिवर फंट निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए कि निश्चित चौड़ाई की सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा करें।



## उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की

### सिविल लाइन पार्क, फ्लाई ओवर, सर्किट हाउस एवं रिवर फंट का कार्य अगस्त माह के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण करें : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिविल लाइन पार्क, सिरमौर चौराहे में बन रहे फ्लाई ओवर, सर्किट हाउस तथा बाबा घाट से राजघाट तक के रिवर फ्रंट कार्य को आगामी अगस्त माह के प्रथम सप्ताह तक अनिवार्यतः पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को सभी कार्यों का लोकार्पण हो सके।



कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में उप मुख्यमंत्री ने सिविल लाइन पार्क के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान पेवर ब्लाक लगाने, पार्क में कुर्सियाँ लगाने तथा निर्माणाधीन शौचालय का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्क के बाहर 56 मार्केट के तर्ज पर बनाए जा रहे दुकानों का निर्माण कार्य भी नियत समय सीमा में पूरा किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पूरे सिविल लाइन एरिया में सड़क के किनारे पेवर ब्लाक सहित पार्क के पार्किंग एरिया में भी अधूरे सभी निर्माण कार्य त्वरित गति से पूरे कराएं। उन्होंने पार्क में पौधों की देखभाल के लिये माली रखने तथा सुरक्षा के लिए पर्याप्त चौकीदार की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उप मुख्यमंत्री ने सिरमौर चौराहा में बनाए जा रहे फ्लाई ओवर कार्य को शीघ्र पूरा करने तथा उससे लगे भाग में निर्माणाधीन दुकानों का कार्य भी निश्चित समय में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। श्री शुक्ल ने विक्रम पुल से पचमठा मार्ग के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि सड़क के किनारे बनाए जा रहे नाले में सफाई की व्यवस्था हेतु चेम्बर का निर्माण अवश्य करें तथा निश्चित चौड़ाई की सड़क का निर्माण कराएं। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के भवनों को नगर निगम द्वारा अच्छे पेंट से एक समान कलर करवाएं ताकि इसकी भव्यता उभर कर आए। उन्होंने पचमठा में सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश आयुक्त नगर निगम को दिए तथा शौचालय व अन्य अधूरे कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश निर्माण विभाग को दिए। श्री शुक्ल ने कहा कि पचमठा की बीहर आरती को अत्यधिक लोकप्रियता मिल रही है। आरती के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहते हैं। इसलिए वर्षाकाल में यह परंपरा न टूटे अतः आवश्यकतानुसार शेड लगाए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने पीडब्ल्यूडी भवन का निर्माण कार्य 30 अगस्त तक पूर्ण किए जाने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिए।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल में ओपीडी, बाणसागर कालोनी में सी एवं ई टाइप भवन निर्माण तथा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डाक्टर्स क्वार्टर्स के निर्माण की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। बैठक में बताया गया कि वर्षाकाल में शहर में 12 से 15 हजार पौधे लगाए जाएंगे। शहर के मुख्य मार्ग के किनारे, खाली स्थानों तथा अन्य आवश्यक जगहों पर सघन वृक्षारोपण कर रीवा को हरा-भरा बनाया जाएगा। श्री शुक्ल ने कहा कि पहड़िया प्लांट में सघन वृक्षारोपण का कार्य वर्षाकाल में कराया जाए। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन सहित निर्माण विभाग के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय ने फिर रचा इतिहास

**रीवा।** जिले मे संचालित सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय के कार्डियो थोरेसिक एवं वेस्कुलर सर्जरी विभाग में विगत दिवस 48 वर्षीय मरीज की बायपास सर्जरी कर जान बचायी गई। उपमुख्यमंत्री तथा मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री राजेन्द्र शुक्ल के सतत प्रयासों एवं सहयोग से सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय के सी.टी.व्ही.एस. विभाग द्वारा बॉयपास सर्जरी किया जाना संभव हो पाया है। अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव ने बताया कि जटिल प्रोसीजर को सफलता पूर्वक सफल बनाने में डॉ. अविजित सिंह सह प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, उनकी पूरी टीम तथा निश्चेतना विभाग के डॉ. मुनीर अहमद, सहायक प्राध्यापक कार्डियक एनस्थिसिया, इन्दौर एवं डॉ. आलोक प्रताप सिंह, प्राध्यापक तथा डॉ. व्ही.डी. त्रिपाठी, प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी, डॉ. के.डी. सिंह एवं डॉ. पुष्पेन्द्र शुक्ला, यूरोलॉजी विभाग का विशेष योगदान रहा।

## मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की रामपथ गमन के कार्यों की समीक्षा



**रीवा।** प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से चित्रकूट में चल रहे विकास कार्यों तथा श्रीराम वन पथ गमन के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि चित्रकूट को अयोध्या और उज्जैन की तरह विश्व स्तरीय धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके विकास की पूरी कार्ययोजना संस्कृति विभाग तैयार करे। निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार सभी विभाग अपने-अपने कार्यों को समय-सीमा में पूरा करें। चित्रकूट को बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस वे से जोड़ने तथा रीवा-जबलपुर फोरलेन सड़क से जुड़ने के लिए फोरलेन सड़कों का निर्माण तत्काल शुरू कराएं। चित्रकूट के मंदिर परिसरों, कामदगिरि परिक्रमा पथ, मंदाकिनी नदी के विभिन्न घाटों के विकास के कार्य डीपीआर में शामिल कराएं। पर्यटन के विकास के लिए पीपीपी मोड पर होटल तथा अन्य पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक भूमि कलेक्टर सतना चिन्हांकित करें। आवश्यक होने पर वन भूमि के बदले राजस्व भूमि प्राप्त करने तथा निजी जमीनों के अधिग्रहण के प्रस्ताव तैयार करें। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा ली गई बैठक के निर्णयों पर संबंधित विभाग तत्परता से कार्यवाही करें। चित्रकूट विकास प्राधिकरण के गठन के साथ-साथ नगर परिषद चित्रकूट में आवश्यक अधिकारियों-कर्मचारियों की पदस्थापना करें। चित्रकूट को राजस्व अनुभाग बनाने की भी कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर सतना चित्रकूट के मार्गों तथा मंदिर परिसरों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही तत्परता से करें।

## प्रवेशोत्सव के तहत विद्यालयों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रीवा।** शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए स्कूल चलं अभियान के तहत विद्यालयों में तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव मनाया गया। प्रवेशोत्सव के अंतिम दिन भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के जनप्रतिनिधि विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी व्यक्ति, अधिकारी, समाजसेवी, खिलाड़ी, पत्रकार तथा गणमान्य नागरिकों ने स्वयं द्वारा चुनी गई शाला में जाकर विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन दिए तथा विद्यार्थियों को पठन-पाठन से संबंधित उपयोगी सामग्री भेंट की। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के



निर्देश पर जिले के प्रथम तथा द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों की एक शाला में ड्यूटी लगाई गई। अधिकारियों ने संबंधित विद्यालय में पहुंचकर विद्यार्थियों को अपने अनुभव बताते हुए आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया तथा उन्हें पाठ्य पुस्तक भेंट की। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने मार्तण्ड क्रमांक तीन में बच्चों को प्रेरक जानकारी दी। उप संचालक पशुपालन राजेश मिश्रा तथा तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने भी शालेय छात्रों को प्रेरक बाते बतायी। स्कूल चलें अभियान में भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत गुढ़ तहसील के दुआरी, रायपुर सोनौरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या मनगवां, सीएम राइज मनगवां तथा सीएम राइज सेमरिया में अधिकारियों ने बच्चों से संवाद किया तथा मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## मऊगंज जिले में एक केन्द्र में होगी लोक सेवा आयोग की परीक्षा

**रीवा।** मऊगंज जिले में एक परीक्षा केन्द्र में 23 जून को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय के विभिन्न कक्षों में होगी। परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक होगी। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में चेहरा ढककर तथा मोजे-जूते पहनकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। परीक्षार्थी अपने साथ पेंसिल, रबर, व्हाइटनर, घड़ी, हाथ में पहनने वाले बैंड, बेल्ट, धूप में पहनने वाले चश्मा तथा बालों को बांधने वाले क्लचर का भी उपयोग नहीं कर सकेंगे।

## कुलगुरू ने किया योग प्रदर्शनी का शुभारंभ

**रीवा।** केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय रीवा द्वारा योग चेतना केंद्र अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में दो दिवसीय योग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो.राजकुमार आचार्य ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रो. सुरेंद्र सिंह परिहार ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अतुल पांडे तथा प्रो. श्रीकांत मिश्रा उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजकुमार आचार्य ने योग की महत्व के बारे में बताते हुए कहा की भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। आज के परिवेश में स्वस्थ रहने के लिए योग आवश्यक है। आने वाले समय में योग स्वस्थ रहने के लिए अनिवार्य है योग को जीवन में अपनाये तथा स्वस्थ रहें। प्रो. सुरेंद्र सिंह परिहार ने कहा की भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा चित्र प्रदर्शनी लोगों को यह संदेश देती है कि स्वस्थ जीवन के लिए योग कितना जरूरी है। योग हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और स्वस्थ रहने के लिए इसको अपना ही पड़ेगा। अतिथियों का स्वागत क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश कुमार मंडल एवं केंद्र के जिला युवा अधिकारी कुलदीप सिंह ने किया। क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश कुमार मंडल ने योग पर आधारित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो.आर्यन पटेल, प्रो. आरके कटारे, प्रो.दिनेश कुशवाहा, प्रो.सक्सेना, डॉ. अतुल तिवारी, डॉ. लक्ष्मीकांत चंदेल, डॉ अनुराग मिश्रा, डॉ. कमलेश गौतम डॉ.अर्पणा सिंह, डॉ. अंशु रानी, डॉ.सुभाष चंद्र ,डॉ निर्भय तथा सभी विभागों पर अध्यापक एवं छात्र उपस्थित रहे।

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग शिविर का आयोजन 25 जून को

### जनपद पंचायत सिरमौर कार्यालय के पास सामुदायिक भवन में आयोजित होगा शिविर

**रीवा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच 25 जून को सिरमौर में बच्चों के अधिकारों से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई करेगी। शिविर में चिन्हित बच्चों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से सिरमौर तथा जवा विकासखण्डों के बच्चे शामिल होंगे। इनका पंजीयन सुबह 9 बजे से सामुदायिक भवन में शुरू हो जाएगा। शिविर की कार्यवाही सुबह 10 बजे से आरंभ होगी। शिविर में बच्चों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने तथा अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने की व्यवस्था की गई है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल बोर्ड की टीम के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी तथा दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। छात्रवृत्ति वितरण, खाद्यान्न वितरण, शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा यौन दुर्व्यवहार के प्रकरणों की सुनवाई भी की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार द्वारा सीपीसीआर अधिनियम 2007 के तहत गठित संवैधानिक निकाय है। आयोग का मुख्य उद्देश्य बच्चों को संविधान के विभिन्न प्रावधानों के तहत दिए गए अधिकारों का लाभ देने के लिए प्रत्येक बच्चे को सक्षम बनाना है। आयोग की बेंच सुनवाई के दौरान बच्चे, उसके माता-पिता, संरक्षक अथवा बच्चे की देखभाल करने वाले द्वारा प्रस्तुत शिकायतों की सुनवाई करेगी। शिविर में बालश्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के पुनर्वास, एसिड हमले के पीड़ितों, निराश्रित बच्चों, शारीरिक दुर्व्यवहार और शोषण से पीड़ित बच्चों तथा घरेलू हिंसा के शिकार बच्चों के प्रकरणों की सुनवाई करेगी। शिविर में पुलिस द्वारा बच्चों के दुर्व्यवहार, अवैध दत्तक ग्रहण, बच्चों के खिलाफ हिंसा, बच्चे की तस्करी, सड़कों पर बेसहारा तथा भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों, दिव्यांगता से पीड़ित बच्चों की शिकायतों पर भी सुनवाई की जाएगी।

## अनुपयोगी वाहनों की नीलामी 28 जून को

**रीवा।** कलेक्टर कार्यालय के अनुपयोगी वाहन एम्बेसडर कार एवं जीप डीआई की नीलामी 28 जून को दोपहर 12 बजे की जायेगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित जन 27 जून तक एक हजार रूपये जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत शर्तों की जानकारी कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## उप मुख्यमंत्री आज विश्व योग दिवस कार्यक्रम का करेंगे शुभारंभ

**रीवा।** जिले भर में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है। जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उमावि मार्तण्ड क्रमांक एक के परिसर में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। उप मुख्यमंत्री प्रातः 6 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता ने बताया कि प्रातः 6 बजे मुख्य अतिथि समारोह का शुभारंभ करके उपस्थितजनों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्रातः 6.10 बजे से भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उद्बोधन तथा अन्य कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रातः 7 बजे से प्रातः 7.45 बजे तक विभिन्न योगाभ्यास कराए जाएंगे। समारोह का समापन प्रातः 7.50 बजे होगा।

## किसान फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें : उप संचालक कृषि

### किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके के उपयोग की सलाह

**रीवा।** जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अतः एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है।

उप संचालक ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है। डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके का उपयोग अधिक लाभदायी है। इससे जमीन को सल्फर की प्राप्ति होती है। सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग खेत की तैयारी के समय किया जाता है। जिससे यह फसलों में अधिक कारगर रहता है। डीएपी में उपलब्ध 18 प्रतिशत नाइट्रोजन में से केवल 15 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 46 प्रतिशत फास्फोरस में से 39 प्रतिशत फास्फोरस पानी में घुलकर मिट्टी को प्राप्त होता है। शेष फास्फोरस मिट्टी में जमा हो जाता है जिससे मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घटती है। उप संचालक ने बताया है कि आगामी फसल में शंकर धान एवं शंकर मक्का के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश एनपीके खाद का उपयोग अधिक लाभकारी होगा। दलहन एवं तिलहन फसलों में 80:40:30 एनपीके तथा सल्फर का उपयोग लाभदायी होगा।

उप संचालक ने बताया है कि किसान नैनो तकनीक पर आधारित खाद का भी उपयोग कर सकते हैं। फसलों के लिए 20 प्रतिशत नाइट्रोजन से युक्त नैनो यूरिया तथा 8 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं 16 प्रतिशत फास्फोरस से युक्त नैनो डीएपी उपलब्ध है। इनके निर्धारित मात्रा में उपयोग से फसलों को संतुलित मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त होते हैं।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की बैठक संपन्न

**रीवा।** कलेक्टर सभागार मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता की उपस्थिति में विद्युत अपूर्ति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत विभाग के 133 के.वी. सप्लाई एवं 33 के.वी. सप्लाई लाईन अतिरिक्त डाले जाने का निर्देश दिया गया है जो शीघ्र ही पूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि जिले में औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो रहा है जिस कारण विद्युत की आवश्यकता अधिक पडेगी। विद्युत की मांग को देखते हुए जिले में 33 के.वी. फिटर अतिरिक्त रूप से स्थापित किये जाने के निर्देश विभाग को दिये गये है। अतिरिक्त 133 के. वी. एवं 33 के.वी. लाइन का कार्य एवं अतिरिक्त 33 के.वी. फिटर का कार्य माह दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश कलेक्टर ने बैठक में दिये।

## जिले में शीघ्र ही बनेंगे कई नए गौ अभ्यारण्य : शुक्ल

### उप मुख्यमंत्री ने गो ग्राम जन जागृति यात्रा का किया समापन

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने त्योंथर तहसील के चन्द्रपुर स्थित झोटिया ग्राम में प्रताप गौशाला प्रांगण में आयोजित 41 दिवसीय गो ग्राम जन जागृति यात्रा का समापन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी गौवंश को बेसहारा नहीं रहने दिया जाएगा। जिले में बसामन मामा गौ वन्य विहार अभ्यारण्य में हजारों गायों को आश्रय दिया जा रहा है। जिसमें गौवंश की सेवा होने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। जिले में चार-पाँच स्थानों पर गौ वन्य विहार शुरू करने के प्रस्ताव भेजे गए हैं। इन्हें शीघ्र मंजूरी दिलाकर गौ




अभ्यारण्यों का निर्माण कराया जाएगा। इनका संचालन आमजनता के सहयोग से करेंगे। इनमें गौवंश की सेवा करने के लिए गौसेवकों की तैनाती की जाएगी जिन्हें हर माह राशि देने की व्यवस्था की जाएगी। गौमाता में सभी देवताओं का वास होता है। गौ सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उप मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास तथा गौशालाओं के संबंध में दिए गए मांग पत्र के संबंध में कहा कि इन्हें पूरा कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित करूंगा। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने गोपालकृष्ण महाराज तथा बालकृष्ण महाराज एवं अन्य गौसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने श्री प्रताप गौशाला में गौपूजन कर गौमाता का आशीर्वाद लिया। समारोह में पूर्व विधायक श्री श्यामलाल द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता मांझी, श्री सुशीलचन्द्र शुक्ला, श्री कौशलेश तिवारी, श्री राजेन्द्र शुक्ला, श्री राजेश पाण्डेय सहित संतजन व गौ भक्त तथा स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833